दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 14 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 295 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## 'गाजा में युद्ध समाप्त हो गया है...', ट्रंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रविवार देर रात इजरायल और मिस्त्र की यात्रा के लिए रवाना हुए। ट्रंप मिस्त्र में गाजा शांति समझौते के हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लेंगे, जहां युद्धविराम और बंदियों की रिहाई का जश्न मनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रंप मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी के साथ गाजा शांति शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।



यह समझौता दो साल से जारी इजरायल-हमास युद्ध को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे पहले वह इजरायल जाएंगे।

हल्की बारिश के बीच मध्य पूर्व के लिए रवाना होते हुए ट्रंप ने इसे एक बहुत ही खास पल करार दिया। ट्रंप के साथ अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रूबियो, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और सीआईए प्रमुख जॉन रैटक्लिफ भी इस दौरे पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा युद्धविराम और बंदियों की रिहाई समझौते ने युद्ध को खत्म कर दिया है।

एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, यह एक बहुत ही विशेष समय होगा। हर कोई इस पल को लेकर उत्साहित है। ट्रंप से पूछा गया कि क्या वे आश्वस्त हैं कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष समाप्त हो गया है, तो उन्होंने कहा, युद्ध खत्म हो गया है।

ट्रंप ने अपनी यात्रा के महत्व पर कहा, यह एक विशेष आयोजन है। आमतौर पर, अगर किसी एक पक्ष को खुशी होती है तो दूसरा खुश नहीं होता। यह पहली बार है कि हर कोई हैरान और रोमांचित है और इसमें शामिल होना सम्मान की बात है। हम अद्भुत समय बिताने वाले हैं और यह ऐसा पल होगा जो पहले कभी नहीं हुआ।

उन्होंने कहा, हर कोई खुश है, चाहे वह यहूदी हों, मुसलमान हों या अरब देश। हम इजरायल के बाद मिस्त्र जा रहे हैं और हम बहुत शक्तिशाली और बड़े देशों और बहुत अमीर देशों के नेताओं से मिलेंगे और वे सभी इस समझौते में शामिल हैं।

## आज हाउस टैक्स मुद्दे पर फिर होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

### निगम ने जवाब दाखिल के लिए मांगा समय तो कोर्ट ने दी अगली तारीख




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में भाजपा के तीन पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। वहीं हाईकोर्ट के बाद इस मामले में 30 जून को निगम की बोर्ड बैठक हुई थी और इस बोर्ड बैठक में बढ़े हुए हाउस टैक्स को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी लोगों को हाउस टैक्स वसूली के नोटिस पहुंचे तो निगम पार्षदों ने विरोध किया और उन्होंने मिनट्स बुक मांग ली। वहीं इस मामले में हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई शुरू हो गई।

सोमवार को इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी। बताते हैं कि सोमवार को हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में दायर की गई याचिका पर सुनवाई हुई और यहां इस मुद्दे को लेकर लगभग एक घंटे तक अदालत में बहस हुई। बहस के बाद नगर निगम के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि हम इस मामले में कोई एफिडेविट दाखिल करना चाहते हैं। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि नगर निगम को जो भी शपथ पत्र दाखिल करना है उसे वह कल की तारीख यानी मंगलवार में दाखिल कीजिए और मंगलवार को इस मामले पर पुनः सुनवाई होगी। इस तरह से सोमवार को अदालत में याचिका पर सुनवाई करते हुए अगली तारीख मंगलवार की लगाई। वहीं मंगलवार को जहां इस मामले में सुनवाई होनी है और नगर निगम को शपथ पत्र दाखिल करना है, वहीं पूर्व पार्षदों के अधिवक्ता ने भी अपनी बात रखी।



पूर्व पार्षदों के अधिवक्ता ने कहा कि अगर, मंगलवार को नगर निगम द्वारा कोई एफिडेविट दाखिल किया जाएगा तो फिर उसका जवाब देने के लिये हमें भी समय दिया जाए। पूर्व पार्षदों के अधिवक्ता द्वारा रखे गए इस तर्क को अदालत ने सुना और समय प्रदान करने की अपील को स्वीकार कर लिया। अब जहां मंगलवार को यानी आज नगर निगम के अधिवक्ता शपथ पत्र दाखि करेंगे वहीं इस मामले में अदालत पूर्व पार्षदों द्वारा अपना पक्ष रखने के लिये पूर्व पार्षदों को समय देगी।

जिस तरह से याचिका पर सुनवाई और तारीख के बीच फेस्टिवल का सीजन आ रहा है उससे अब यह स्पष्ट हो रहा है कि अदालत में इस मामले में निर्णय वाली सुवाई दीपावली के बाद ही हो पाएगी। क्योंकि नगर निगम के पूर्व पार्षद पक्ष भी याचिका दाखिल करने के लिये जवाब लेंगे वो शपथ पत्र दाखिल करने के लिये समय लेंगे और वो शपथ पत्र दाखिल करेंगे। इसके बाद ही ये मामला सॉल्व हो पाएगा।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होते ही सांसद अतुल गर्ग ने किया नगर आयुक्त को फोन

# कहा काटो अतिक्रमण करने वालों का पांच-पांच हजार का चालान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर इन दिनों त्यौहारी सीजन में जाम की बेहद गंभीर समस्या से जूझ रहा है। शहर का पुराना इलाका हो या नए प्रमुख मार्ग जाम, चारों ओर जाम ही जाम नजर आ रहा है। बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तो चौपाहि या वाहन लेकर जाना किसी चुनौती से कम नजर नहीं आ रहा है। सोमवार को जब गाजियाबाद के स्थानीय सांसद अतुल गर्ग के सामने यह विषय आया तो उन्होंने अपने प्रतिनिधि से कहा कि नगर आयुक्त को फोन मिलाया जाए। फोन मिला तो सांसद ने नगर आयुक्त को सीधे कहा है कि नेहरू युवा केंद्र पर पार्किंग की व्यवस्था ठीक हो। अंबेडकर रोड पर आजकल जाम की स्थिति गंभीर हो चुकी है। सड़कों पर गंगा जमुना अपार्टमेंट और मार्केट के निकट लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। ऐसे लोगों की वजह से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उनपर नगर आयुक्त को उन्होंने कार्रवाई करने और पांच-पांच हजार के चालान काटने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा करने से आमजन को फायदा होगा और दबंगई करके सड़क कब्जा करने वालों से मुक्ति मिलेगी।





वहीं बता दें कि बीते दिनों उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर को भी गाजियाबाद की जाम की समस्या को लेकर अवगत कराया था। वह खुद बीते दिनों अंबेडकर रोड और चौधरी मोड़ के आगे मुख्य मार्ग जीटी रोड पर सुनील बंसल के कार्यक्रम में जाम में फंस गए थे। इस दौरान उनके सुरक्षाकर्मियों ने गाड़ी से उतरकर के उनके वाहनों को निकलवाने का काम किया था। जाम की समस्या केवल खास लोगों में नहीं आमजन को भी बेहद परेशान कर रही है।

### त्यौहारी सीजन में प्रमुख बाजार हैं जाम की चपेट में

करंट क्राइम : इस दौरान सांसद अतुल गर्ग ने नगर आयुक्त से कार्रवाई करने के साथ यह भी कहा है कि इन दिनों कई प्रमुख बाजार जाम की चपेट में हैं। नगर निगम के साथ ही गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, ट्रैफिक पुलिस और थाना पुलिस को भी इस पर एक्शन लेना चाहिए ताकि लोगों की परेशानी को कम किया जा सके। साथ ही व्यापारी भी सड़क पर अतिक्रमण न करें।



### सांसद ने कहा नेहरू युवा केंद्र की पार्किंग का शुल्क 10 रूपये हो

करंट क्राइम : इस दौरान सांसद अतुल गर्ग ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से फोन पर बातचीत के दौरान कहा है कि नेहरू युवा केंद्र में कुछ नाबालिग पार्किंग की वसूली कर रहे हैं, उसे देखा जाए। यहां अगर नगर निगम या कोई अन्य संस्था शुल्क ले रही है। तो वह किराया अधिकतम 10 रूपये ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्यौहारी सीजन में लोगों के हित की बात भी सोची जानी चाहिए।

### मजाक-मजाक में ही सही करवाया संजीव की टीआरपी का एहसास



करंट क्राइम : गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग अपने अलग अंदाज और भाषाशैली के लिए जाने जाते हैं। सोमवार को भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के बाद उन्होंने अपने मुस्कुराते हुए अंदाज में कहा कि आजकल हमारे संजीव शर्मा की ही हर जगह चर्चा रहती है। उनकी टीआरपी हाई है। अतुल गर्ग का यह अंदाज विधायक की तारीफ करते हुए निराला नजर आ रहा था। राजनीति में कई बार इस तरीके के संदेश और इशारों में वह बात कह दी जाती है, जो आसपास का माहौल व चर्चाओं में चल रही होती है या उसका समाज से सीधा संदेश मिल रहा होता है। वैसे भी गाजियाबाद से लेकर दिल्ली तक की राजनीति में सांसद अतुल गर्ग अपने विनम्र और बहुत साधारण शब्दों में बड़ी और असाधारण बात को कहने के लिए जाने जाते हैं। जिस तरीके से उन्होंने शहर विधायक संजीव शर्मा की टीआरपी और लोकप्रियता वाली छवि का जिक्र करते हुए बताया है की किस तरीके से इन दिनों शहर विधायक संजीव शर्मा की लोकप्रियता चारों ओरछाई हुई है।

हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में व्यापार मंडल का बड़ा ऐलान

## दीपावली पर नहीं करेंगे बाजार को रोशनी से गुलजार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स वृद्धि का मामला फिर से तूल पकड़ रहा है। व्यापार मंडल अब इस मामले में सामने आया है और व्यापार मंडल ने दीपावली पर बाजार को रोशनी से गुलजार ना करने का फैसला लिया है। सिहानी गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने कहा कि हाउस टैक्स वृद्धि जनता पर अनावश्यक बोझ है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था बाजार में वैसे ही मंदी है। उन्होंने कहा कि जनता पर हाउस टैक्स भी भीषण मार हुई है।





दीपावली पर सिहानी गेट बाजार में रोशनी की सजावट नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मुहिम में उन्हें अन्य व्यापार मंडलों का भी सहयोग मिला है।

सिहानी गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने दावा किया कि दिल्ली गेट मशीनरी मार्किट व्यापार मंडल और नवयुग मार्किट व्यापार मंडल ने उन्हें समर्थन दिया है और ये दोनों बाजार भी दीपावली पर रोशनी से गुलजार नहीं होंगे। अनुराग गर्ग ने कहा कि हमारा हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर विरोध है और ये दीपावली पर भी जारी रहेगा। नगर निगम द्वारा जो बाजारों में सजावट कराने की बात की गई है हम उसका पुरजोर विरोध करेंगे। हमें टैक्स में राहत चाहिए। नगर निगम की रोशनी नहीं चाहिए।

# जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र की जमीन पर पार्किंग के मामले में आ गये सांसद और विधायक एक साथ

## विधायक बोले- नहीं होने देंगे अवैध वसूली और सांसद ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर की शिकायत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जो मुद्दा तीन महीने पहले सुलगना शुरू हुआ था उस मुद्दे ने अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ ली। दरअसल मामला अंबेडकर रोड पर बने जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र की जमीन का है। यहां पर लगभग तीन महीने पहले जीडीए ने एक पत्र सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों के नाम लिखा था। इस पत्र में उन्हें इस केंद्र का अध्यक्ष बताया गया था। उसके बाद से ही ये मामला चल रहा था और फिर लैटर वाले मेटर में नया मोड़ तब आया जब शहर विधायक संजीव शर्मा ने राजेंद मित्तल को पत्र लिखा और उन्होंने अपने पत्र में उन्हें इस केंद्र का जिलाध्यक्ष बताते हुए कहा कि यदि यहां त्योहार के सीजन में निशुल्क पार्किंग उपलब्ध हो जाए तो जनता के लिये सुविधा हो जाएगी।




वहीं सूत्र बताते हैं कि इस केंद्र के अध्यक्ष पद को लेकर ही विवाद चल रहा है। यह पूरी जमीन लगभग छह हजार रुपए में खरीदी गई थी और इसकी रजिस्ट्री दिवंगत नारायणदत्त तिवारी के ओएसडी शंकर दयाल शर्मा के नाम हुई थी और तब इसमें गवाह के रूप में राजेंद्र मित्तल मेदी वालों का नाम दर्ज है। यहां केयर टेकर के रूप में और संचालक के रूप में दो व्यक्ति काम करते हैं। अब इस मामले में एक तथ्य ये भी है कि इसकी देखरेख वाली टीम में शामिल कृष्ण अवतार गर्ग नामक व्यक्ति की मृत्यु के बाद अध्यक्ष वाला जिन्न बोतल से बाहर आ गया है। अब इस कहानी में सांसद और विधायक की एंट्री होने के बाद पूरे मामले ने रोचक रंग ले लिया है। सोमवार को जहां सांसद अतुल गर्ग इस मामले मे मुखर होकर सामने आए वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी पार्किंग वसूली को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

इस मामले में अभी पुलिस भी जांच कर रही है। क्योंकि सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। अब जमीन किसके नाम है और नियम के अनुसार कौन अध्यक्ष है, इसका फैसला जीडीए और तहसील के कागजात करेंगे। कई दशक पुराना मामला है और ये नगर के प्राइम लोकेशन पर बेशकीमती जमीन है। सोमवार को इस मामले में सांसद और विधायक ने अपनी-अपनी बात रखी।

### जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र की जमीन पर पार्किंग का मुद्दा गरमाया

#### शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा जनता के लिए बनवाई है पार्किंग, नहीं होने देंगे वसूली

गाजियाबाद करंट क्राइम। जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र की जमीन पर पार्किंग का मुद्दा गरमा गया है। इस जमीन को लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा ने केन्द्र के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों को पत्र लिखा था। उन्होंने पुलिस आयुक्त और जीडीए वीसी को पत्र लिखा। लेकिन कहानी में मोड तब आया जब पता चला कि मैदान पर कोई अमित राज नाम का व्यक्ति खुद को केयर टेकर बताते हुए यहां आने वाले वाहन मालिकों से पैसा वसूल रहा है। वो एक घंटे के 30 रुपए और 2 घंटे के पचास रुपए वसूल रहा है। इसकी शिकायत केन्द्र के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों ने पुलिस आयुक्त और संबंधित थाना प्रभारी को दी थी। शहर विधायक संजीव शर्मा तक ये मामला पहुंचा और उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचित किया गया है और हमने तहरीर दे दी है। यह जमीन जनहित के लिए है और किसी भी आम जनता के व्यक्ति से अवैध वसूली नहीं होने दी जायेगी। इस बात का पता लगाया जायेगा कि किसने पार्किंग की रसीद छपावाई और किसकी अनुमति से शुल्क वसूला गया। उन्होंने कहा कि मैं विधायक होने के नाते जनता के हित के लिए संकल्पित हूं। यहां जाम लगता है और पुलिस के लिए खासी परेशानी होती है। ऐसे में अब जल्द ही अवैध वसूली करने वालों पर कार्यवाही होगी। सूत्र बताते हैं कि यहां पर पूरा मामला वसूली का ही है। यह जमीन मात्र 6000 रुपए में दी गई थी और यह 14000 वर्ग मीटर जमीन है। जमीन आवंटन की शर्तों में साफ लिखा है कि इस जमीन पर व्यवसाय नहीं हो सकता है। यह व्यवसाय करने के लिए नहीं दी जा रही है। ऐसे में यहां जगत प्रकाश नाम के व्यक्ति की भी भूमिका की जांच हो रही है। जगत प्रकाश खुद को केन्द्र का महामंत्री बताते हैं। जीडीए इस मामले में स्थिति स्पष्ट करेगा कि यह जमीन किसकी है। बहरहाल शहर विधायक ने स्पष्ट कर दिया कि जनता को परेशानी नहीं होने दी जायेगी और हम यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से कायम करने में यातायात पुलिस के साथ भी सहयोग करेंगे।



### जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र की पार्किंग में अवैध वसूली पर सांसद अतुल गर्ग ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अम्बेडकर रोड स्थित जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र की पार्किंग में अवैध वसूली का मामला सामने आने पर सांसद अतुल गर्ग ने इस पर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर पार्किंग में हो रही अवैध उगाही की जांच और दोषियों पर कार्यवाही के निर्देश देने की बात कही है। अम्बेडकर रोड शहर की प्रमुख सड़क है, जिसके दोनों ओर मुख्य बाजार स्थित हैं। त्योहारी सीजन में इस रोड पर सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक ट्रैफिक रहता है। इसी समस्या के समाधान के लिए शहर विधायक संजीव शर्मा ने नेहरू युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल को पत्र लिखकर केंद्र के मैदान में अस्थायी फ्री पार्किंग की व्यवस्था करने का सुझाव दिया था। इसी विषय पर अम्बेडकर रोड व्यापार मंडल के चेयरमैन मुकेश गोयल और प्रधान गौरव गर्ग ने भी विधायक को पत्र भेजकर फ्री पार्किंग की मांग की थी। इस बीच, पार्किंग स्थल पर अवैध वसूली की शिकायत सामने आने पर नेहरू युवा केंद्र के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर बताया कि अशोक राज नामक व्यक्ति दो नाबालिग बच्चों से यह वसूली करवा रहा है। उन्होंने इस पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद अतुल गर्ग ने सोमवार को पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा और पार्किंग स्थल पर चल रही अवैध वसूली की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने को कहा है।



# बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार को बड़ा झटका! आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार केस में आरोप तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में लालू परिवार पर आरोप तय किए हैं। बिहार चुनाव के बीच लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को बड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए।



### 'ट्रायल का सामना करेंगे'

इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे। दिल्ली की कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ उनकी कथित भूमिका के आधार पर अलग-अलग धाराओं में आरोप तय किए थे। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर धोखाधड़ी और षड्यंत्र रचने के अपराध के लिए आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे मुकदमे का सामना करेंगे। कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। हालांकि, सभी आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप है। लालू प्रसाद यादव ने खुद को निर्दोष बताया है और उनका कहना है कि वे मुकदमे का सामना करेंगे।

बीती 24 सितंबर को विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को उक्त तारीख पर पेश होने का निर्देश दिया था। अदालत ने मामले में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 29 मई को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। यह मामला 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान आईआरसीटीसी होटलों के रखरखाव के ठेकों के आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित है।

लैंड फॉर जॉब मामले में फैसला टला वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज लैंड फॉर जॉब मामले में फैसला टल गया है।

# 15 मिनट में तीन कत्ल... पहले मां फिर सो रही बेटियों को मार डाला, छह घंटे में हुआ खुलासा

**बागपत।** बागपत जिले के दोघट थाना इलाके के गांगनौली गांव की बड़ी मस्जिद परिसर में बने कमरे में शनिवार दोपहर को पंद्रह मिनट में तीन हत्या कर दी गईं। उसके खुलासे में लगी सात टीमों ने अलग-अलग बिंदुओं पर काम किया और छह घंटे में आरोपी किशोरों को पकड़कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पहले पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों आरोपी काफी देर तक झूठ बोलते रहे। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में खुद को देखने के बाद सच्चाई उगल दी।

किया और छह घंटे में आरोपी किशोरों को पकड़कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पहले इसराना को मारा,



बागपत जिले के दोघट थाना इलाके के गांगनौली गांव की बड़ी मस्जिद परिसर में बने कमरे में शनिवार दोपहर को पंद्रह मिनट में तीन हत्या कर दी गईं। उसके खुलासे में लगी सात टीमों ने अलग-अलग बिंदुओं पर काम

नींद से जागने पर सोफिया और सोती हुई सुमाय्या को मार डाला

हत्या के आरोपी किशोरों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि पिटाई का बदला लेने के लिए उन्होंने हत्या की योजना बनाई। वह पीछे के रास्ते से मुफ्ती के कमरे में पहुंचे तो वहां पर इसराना बेड और दोनों बच्चियां चारपाई पर सोती हुई मिलीं। एक किशोर ने बसूली से सोती हुई इसराना के सिर पर वार कर दिया। उसके लगते ही इसराना की चीख निकल गई और सोफिया नींद से जाग गई। इसराना उठकर उनकी तरफ आई तो आरोपियों ने उसके सिर पर दोबारा बसूली से वार कर दिया।

इसके बाद दूसरे आरोपी ने फ्रिज पर रखा चाकू उठाकर इसराना की गर्दन पर वार कर हत्या कर दी।

### फुटेज में खुद को देखने के बाद सच्चाई उगली

पहले पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों आरोपी काफी देर तक झूठ बोलते रहे। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में खुद को देखने के बाद सच्चाई उगल दी।

### दोनों नाबालिग बोलते रहे झूठ

तिहरे हत्याकांड की जांच में जुटी पुलिस को सीसीटीवी कैमरे बंद करने से पहले और कैमरे चालू होने के बाद की फुटेज में नजर आने पर शक गहरा गया। पुलिस ने उन्हें पकड़कर थाने लाकर पूछताछ शुरू की तो पहले दोनों झूठ बोलते रहे। बाद में हत्याकांड को अंजाम देने की सच्चाई बताकर चाकू भी बरामद कराया।

### कपड़े की फेरी लगाते हैं आरोपियों के पिता

गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के पिता कपड़े की फेरी लगाते हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनके पिता बंगलूरू में कपड़े की फेरी लगाते हैं, लेकिन अब काफी समय से गांव में आए हुए हैं। हत्या के बाद दोनों आरोपी गांव में चल रही न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में कबड्डी खेलने चले गए थे।

# आईपीएस ने सुसाइड से पहले कई अफसरों से की बात, वकील-परिचितों को भी किया फोन

**चंड़ीगढ़।** एडीजीपी आत्महत्या मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस को कॉल डिटेल से नए सुराग मिले हैं। सूत्रों के अनुसार, आत्महत्या से पहले एडीजीपी ने कई अधिकारियों, अपने वकील और कुछ परिचितों को कॉल की थी। एसआईटी ने इन कॉल डिटेल्स को जांच का हिस्सा बनाते हुए बातचीत के क्रम और समय की बारीकी से पड़ताल शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि जिन लोगों से एडीजीपी ने आखिरी बार बातचीत की थी उनसे जल्द पूछताछ की जा सकती है। जांच टीम यह पता लगाने की कोशिश में है कि क्या इन वातार्लाप में कोई ऐसा दबाव या तनाव झलक रहा था जिसने उन्हें यह कदम उठाने पर मजबूर किया।

एसआईटी चीफ पुष्पेंद्र कुमार ने हरियाणा पुलिस से जेल में बंद एडीजीपी के गनमैन के खिलाफ दर्ज एफआईआर का पूरा रिकॉर्ड मांगते हुए पत्र लिखा है। सूत्रों के अनुसार एसआईटी जल्द ही अदालत से अनुमति लेकर रोहतक जेल में बंद गनमैन सुशील से पूछताछ कर सकती



है। इंस्पेक्शन में पता चला है कि शराब ठेकेदार की ओर से लगाए गए अवैध वसूली के आरोप के बाद गिरफ्तार गनमैन ही स्पष्ट कर सकता है कि उसने एडीजीपी का नाम खुद लिया था या किसी षड्यंत्र के तहत उससे ऐसा करवाया गया।

### मामले में अब तक क्या-क्या हुआ

- **7 अक्तूबर:** सेक्टर-11 स्थित कोठी के निचले तल पर साउंड-प्रूफ कमरे में एडीजीपी पूरण सिंह ने दोपहर में खुद को गोलीमार आत्महत्या कर ली।
- **8 अक्तूबर:** पूरण कुमार की पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार जापान से चंडीगढ़ वापस आ गईं। उन्होंने पूरण के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना करते हुए सेक्टर-11 थाना पुलिस में लिखित शिकायत दी। साथ ही सुसाइड नोट भी वायरल हुआ।
- **9 अक्तूबर:** सुसाइड नोट के आधार पर 11 अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।
- **10 अक्तूबर:** अमनीत कुमार ने एफआईआर पर असंतुष्टि जताकर चंडीगढ़ पुलिस को पत्र लिखा। इसके बाद चंडीगढ़ के आईजी पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई।
- **11 अक्तूबर:** हरियाणा सरकार ने रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया का तबादला किया और चंडीगढ़ पुलिस ने देर शाम एफआईआर में संशोधित धारा भी जोड़ दी। साथ ही जीएमएसएच-16 से बिना सहमति शव को पीजीआई शिफ्ट करने पर अमनीत कुमार की चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बात भी हुई। वहीं, हरियाणा सरकार की ओर से मंत्रियों व अधिकारियों द्वारा अमनीत को मनाने का दौर चला। इसी दिन परिवार ने 31 सदस्यों की कमेटी बनाई और कमेटी ने महापंचायत बुला ली।
- **12 अक्तूबर:** सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिकारी और नेताओं ने अमनीत से मिलकर मामले का हल निकालने की पूरी कोशिश की। सेक्टर-20 में महापंचायत में सरकार को डीजीपी को पद से हटाकर कार्रवाई करने का 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया।

# सीएम योगी ने जिले-ग्राम स्तर पर प्रतियोगिताओं और मिशन शक्ति में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा, जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन करें। खेल की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकास के नए रास्ते खोलती है। लखनऊ में सीएम योगी ने कहा, युवक व महिला मंगल दल ग्राम, न्याय व जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन करें। खेल की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकास के नए रास्ते खोलती है। लोक कलाओं, लोक गाथा आदि से जुड़ी प्रतिस्पर्धा भी आयोजित करें। महिला सशक्तिकरण के भी आयोजन करें। इस समय मिशन शक्ति का पांचवां चरण चल रहा है। इससे युवक व महिला मंगल दल जुड़े।

महिला मंगल दल अपनी अपनी ग्राम पंचायत में मिशन शक्ति के काम से जुड़ें। विकसित उत्तर प्रदेश के काम से



जुड़े। विधानसभा में लंबी 28 घंटे चर्चा हुई। 300 बुद्धिजीवी 1000 संस्थाओं में गए। महापौर, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य के साथ 57000 ग्राम प्रधान आदि से संवाद किया। अब तो लगभग 40 लाख सुझाव विकसित उत्तर प्रदेश के लिए मिले हैं।

इसकी शुरूआत ग्राम पंचायत से होगी। ग्राम पंचायत विकसित आत्मनिर्भर होगी तो क्षेत्र पंचायत, जिला, प्रदेश विकसित और आत्मनिर्भर होगा। प्रदेश हुआ तो देश को विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता है।

पीएम ने जो लक्ष्य दिया है। उसके लिए काम करें। 1.5 लाख युवक व महिला मंगल दल की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज स्पोर्ट्स कीट दी जा रही है। प्रदेश देश के विकास से जुड़े। खेल एक ओपचारिक गतिविधि नहीं जीवन की आवश्यकता बन गई है। स्वावलंबन का भी माध्यम बन रहा है। खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, नायब तहलीदार और अन्य क्षेत्र में नौकरी दी है। 500 खिलाड़ी पुलिस में शामिल किया। कई मेडल जीते हैं।

हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान विकसित किया गया है। हर विकास खंड पर एक मिनी, जिला स्तर पर स्टेडियम बने, सरकार इसके लिए काम कर रही है। विधायक, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता हो रही है। 50 विकास खंड में दो करोड़ से युवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। यूपी का प्रतिभाशाली युवा है। उसे हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। सरकार आपके साथ है।

# पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर नवज्योति इंडिया फाउंडेशन के वार्षिकोत्सव में शामिल होने की बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी किताबें 'इट्स ऑलवेज पॉसिबल' और 'फियरलेस गवर्नेंस' भेंट कीं। पूर्व उपराज्यपाल और आईपीएस अधिकारी रहीं किरण बेदी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मुख्यमंत्री ने नवज्योति इंडिया फाउंडेशन के वार्षिकोत्सव में आने की कृपा की है। मेरे अलावा, नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की निदेशक नीतू शर्मा भी मौजूद थीं। मैंने उन्हें अपनी दो किताबें भेंट कीं। इट्स ऑलवेज पॉसिबल (तिहाड़ रिफॉर्म्स पर) और फियरलेस गवर्नेंस (पुडुचेरी एडमिन का संस्मरण)।

# कर्मियों को पदोन्नति में शिथिलीकरण यूसीसी में नेपाल-भूटान के लोगों को राहत



**देहरादून।** सीएम धामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में आज आठ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसमें यूसीसी और कर्मचारियों को लेकर बड़ा फैसला हुआ है। उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक आज सीएम धामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों पर चर्चा के बाद कैबिनेट ने निर्णय लिया। वहीं, कर्मचारियों के लिए कैबिनेट ने अहम फैसला लिया। राज्य कर्मचारियों की पदोन्नति के संबंध में अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण की नियमावली में संशोधन को मंजूरी मिल गई है।

- उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास अधीनस्थ सुपरवाइजर सेवा नियमावली 2021 के संशोधन को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। सुपरवाइजर सेवा नियमावली के अंतर्गत सुपरवाइजर के पदों पर 50% सीधी भर्ती से एवं 40% आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शेष 10% मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदोन्नति से भरे जाते थे।
- रायपुर एवं उसके समीप क्षेत्रों के अंतर्गत जहां विधानसभा परिसर प्रस्तावित है, उस क्षेत्र को फ्रिज जोन बनाया गया था। अब कैबिनेट ने फ्रिज जोन में आंशिक संशोधन करते हुए इन क्षेत्रों में छोटे घरों (लो डेंसिटी हाउसों) और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति दे दी है। जिसके मानक आवास विकास विभाग के द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।
- चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक की सेवा नियमावली में संशोधन की कैबिनेट ने मंजूरी दी है। नए स्थान में जाने पर अपने नए जनपद के कैडर के अंतर्गत यह सबसे जूनियर होंगे। इसके अलावा रिक्त पद उपलब्ध होने पर पहाड़ से पहाड़ में एवं मैदानी जनपदों से पर्वतीय जनपदों में स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिसके लिए मानक विभाग द्वारा तैयार किए जाएंगे।
- समान नागरिक संहिता के अंतर्गत होने वाले ऑनलाइन विवाह पंजीकरण में संशोधन को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। यूसीसी में पंजीकरण के लिए आधार कार्ड की व्यवस्था रखी गई है। ऐसे में आधार के अलावा अब नेपाल, भूटान के नागरिकों हेतु नेपाली एवं भूटानी नागरिकता प्रमाण पत्र, एवं 182 दिनों से अधिक के प्रवास के लिए भारत में नेपाली मिशन/रॉयल भूटानी मिशन द्वारा जारी प्रमाणपत्र एवं तिब्बती मूल के व्यक्तियों के लिए विदेशी पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र को अनुमन्य किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में विचलन के माध्यम से विधानसभा का सत्रावसान किए जाने के संबंध में लिए गए निर्णय को कैबिनेट के संज्ञानार्थ लाया गया।
- राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर उत्तराखंड राज्य की पंचम विधानसभा का विशेष सत्र की तिथि के निर्धारण के लिए कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है।
- राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को कर के बाद के लाभांश (प्रॉफिट आफ्टर टैक्स) की 15% धनराशि को राज्य सरकार को देना होगा। इसके लिए कैबिनेट में अपनी मंजूरी प्रदान की।

# सोलन में 42 लोगों से भरी निजी बस दुर्घटनाग्रस्त 10 को गंभीर चोटें

## एम्स बिलासपुर ले जाए गए घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के लुहारघाट में एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बस में 42 लोग सवार थे, जिनमें से लगभग 10 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

जिला सोलन के पुलिस थाना राम शहर के अंतर्गत लुहारघाट में वैवाहिक समारोह के लिए रिश्तेदारों से भरी निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी है। अभी तक की जानकारी के अनुसार इस बस में 42 लोग सवार थे, जिनमें से लगभग 10 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।



घायलों को बिलासपुर एम्स लाया जा रहा है, सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि, निजी बस में सवार लोग रामशहर के जोबी गांव क्षेत्र के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में अचानक चालक का बस पर नियंत्रण खो गया और बस सड़क से फिसलकर खाई में पलट गई। जिससे अफरा-तफरी मच गई, लेकिन ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बहार निकाला और इलाज के लिए एम्स बिलासपुर भेजा जा रहा है।

# तमिलनाडु में मिलावटी कोल्ड्रिफ कफ सिरप: 20 बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी का लाइसेंस रद्द, कंपनी बंद




**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में मिलावटी कफ सिरप कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी का न सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है बल्कि कंपनी को बंद करने का आदेश भी दिया गया है। कप सिरप पीने से हुई 20 से ज्यादा बच्चों के मौत का मामला इन दिनों सुर्खियों में है।

पूरे देश में आक्रोश के साथ लोगों के मन में सवाल बना हुआ है कि आखिर इस लापरवाही और बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन है? इस मामले को लेकर 6 अक्तूबर को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशाल (डीजीएचएस) ने बच्चों के इलाज के लिए कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग पर सलाह जारी की। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं न देने की सलाह भी दी है।

अब आते हैं इस घटना को लेकर हुई कार्यवाई पर। सबसे पहले कई राज्यों ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया है। खबरों के मुताबिक सरकार ने अब तमिलनाडु में मिलावटी कफ सिरप कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी न सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है साथ ही कंपनी को बंद करने का आदेश भी दिया गया है।

कंपनी के मालिक जी. रंगनाथन को हाल ही में मध्य प्रदेश के एक विशेष जांच दल ने गिरफ्तार भी किया था। प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के एक मामले में श्रीसन फार्मास्युटिकल्स और उसके कुछ अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी भी की थी। गौरतलब है कि दूषित दवा के प्रयोगशाला परीक्षणों में डायथिलीन ग्लाइकॉल के मिलावट की पुष्टि की गई थी जो एक जहरीला रसायन है और बड़े पैमाने पर विषाक्तता की घटनाओं से जुड़ा हुआ है। मध्य प्रदेश के औषधि नियंत्रक डीके मौर्य ने बताया था कि इस सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) की मात्रा 48% से ज्यादा पाई गई, जबकि स्वीकार्य सीमा केवल 0.1% है। यह मात्रा बेहद खतरनाक है।

### 10 प्वाइंट्स में जानिए पूरा घटनाक्रम

1. सबसे पहले इस महीने की शुरूआत में मध्य प्रदेश से कुछ बच्चों की मौत की सूचना मिली। शुरूआती संदेह कोल्ड्रिफ सिरप की ओर था जिसे बच्चे की खांसी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स इस कफ सिरप को बनाती थी।
2. मामले की गंभीरता और कारणों का पता लगाने के लिए कफ सिरप के सैंपल प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए। तमिलनाडु औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा किए गए परीक्षणों से कफ सिरप में 48.6 प्रतिशत डायथिलीन ग्लाइकॉल की पुष्टि हुई जो स्वीकार्य सीमा से कहीं अधिक है।
3. ये एक प्रकार का औद्योगिक रसायन हैं जिनका उपयोग आमतौर पर ब्रेक द्रव, एंटीफ्रीज, पेंट, प्लास्टिक और कुछ घरेलू सामान बनाने में किया जाता है। ये सस्ते और रंगहीन तरल पदार्थ होते हैं, दवाओं को तरल रूप में घोलने में इसका प्रयोग किया जा रहा था।
4. जांच की रिपोर्ट सामने आने के बाद आनन-फानन में कई राज्यों ने कफ सिरप पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया और केंद्र ने सभी राज्यों को एक सलाह जारी की जिसमें कहा गया कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए।
5. अक्तूबर 8-10 तमिलनाडु का औषधि नियंत्रण विभाग श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की विनिर्माण सुविधा का औचक निरीक्षण करता है। अधिकारियों ने गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जीएमपी) और गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिसेज (जीएलपी) के 300 से ज्यादा उल्लंघनों का खुलासा किया, जिनमें स्वच्छता में कमी, अनुचित रिकॉर्ड-कीपिंग और गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र की कमी शामिल है।
6. अक्तूबर 11 को मध्य प्रदेश के एक विशेष जांच दल ने श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक राजा रंगनाथन को गैर इरादतन हत्या और दवा सुरक्षा कानूनों के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया है।
7. यह गिरफ्तारी मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राजा रंगनाथन की गिरफ्तारी पर 20,000 के इनाम की घोषणा के कुछ दिनों बाद हुई है। मध्य प्रदेश पुलिस का आरोप है कि कंपनी ने पर्याप्त गुणवत्ता जांच के बिना मिलावटी दवाइयां मार्केट में उतारीं, जिसके कारण मौतें हुईं।
8. अक्तूबर 13 को ईडी ने कंपनी के परिसरों और संबंधित ठिकानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापे मारे, जिससे मिलावटी दवाओं के वितरण और बिक्री से जुड़ी संभावित वित्तीय अनियमितताओं का संकेत मिला।
9. तमिलनाडु सरकार ने श्रीसन फार्मास्युटिकल्स का दवा निर्माण लाइसेंस आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया और उसकी सुविधा को तत्काल बंद करने का आदेश दिया।
10.. राज्य सरकार के एक बयान में पुष्टि की गई है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तमिलनाडु में सभी दवा निर्माण इकाइयों की व्यापक समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं।

# पीड़िता के घर फायरिंग कर धमकाने वाले रेप के अभियुक्त शहजाद को पुलिस ने किया ढेर

## 7 साल की बच्ची से किया था दुष्कर्म

**मेरठ। करंट क्राइम।** मेरठ पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंगरेप के आरोपी शहजाद उर्फ निक्की को एनकाउंटर में मार गिराया। शहजाद पर 25 हजार का इनाम घोषित था। यह एनकाउंटर सोमवार सुबह करीब 5:30 सरूरपुर थाना क्षेत्र में जंगल के पास हुआ। 12 अक्टूबर की रात गैंगरेप पीड़िता के परिजनों को धमकाने के लिए आरोपी ने उनके घर पर दो राउंड फायर किया था। अगले दिन शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी थी। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी काफी गुस्सा था।

मृतक शहजाद मेरठ के बहसूमा का रहने वाला है। उस पर चोरी, पॉक्सो एक्ट, गैंगरेप और छेड़छाड़ जैसे 7 मामले दर्ज हैं। शहजाद ने अपने दोस्त के साथ मिलकर 25 जनवरी 2025 को 20 रुपए का लालच देकर 7 साल की बच्ची के साथ गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया थां बच्ची के रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों का आता देख आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद बच्ची के परिजनों ने आरोपी शहजाद और एक अज्ञात युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कराया था।



पुलिस का बढ़ता दबाव देख आरोपी शहजाद 12 अक्टूबर की आधी रात 12.47 बजे गैंगरेप पीड़िता के घर पहुंच गया। यहां पीड़ित परिवार को धमकाते हुए उसने दो राउंड फायर किए थे। अगली सुबह परिजनों ने थाने पहुंचकर धमकी और फायरिंग करने की जानकारी देते हुए अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। इस घटना के 30 घंटे के भीतर ही पुलिस ने एनकाउंटर में शहजाद मार गिराया।



सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे बदमाश शहजाद बाइक से कहीं जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे घेर लिया। पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा, लेकिन पुलिस को देखते ही बदमाश फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की। इस बीच पुलिस की एक गोली शहजाद के सीने में जा लगी।

मुठभेड़ में शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस की टीम उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 14 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# त्योहारों को लेकर पुलिस-प्रशासन ने की समीक्षा बैठक

## सुरक्षा, स्वच्छता और सुचारु व्यवस्थाओं पर दिया विशेष जोर

### - डीएम, एडिशनल सीपी, डीसीपी सिटी व ट्रांस हिंडन रहे मौजूद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हिन्दी भवन लोहिया नगर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आगामी धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज और छठ पूजा के सकुशल एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में व्यापारी बन्धुओं, कार्यक्रम आयोजकों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार स्वच्छता, सादगी और पवित्रता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर समय रहते तैयारियाँ पूर्ण करें।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता और विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही इस बैठक में मुख्य रूप से एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल , सिटी मजिस्ट्रेट डा. संतोष उपाध्याय प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### व्यापारियों व आयोजकों से सहयोग की हुई अपील

करंट क्राइम : जिलाधिकारी ने सभी व्यापारियों और आयोजकों से अपील की कि वे प्रशासन को पूरा सहयोग दें ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में संपन्न हों। बैठक में एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, और डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल सहित जिले के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम के विद्युत, नगर निगम, यातायात पुलिस सिंचाई विभाग को खास निर्देश

करंट क्राइम : इस बैठक में डीएम ने सभी प्रमुख विभागों को ठीक प्रकार से काग्र करने का निर्देश दिया है। तो वहीं लापरवाही नहीं करने की भी बात की है।

**विद्युत विभाग :** पंडालों को नियमों के अनुरूप समय पर विद्युत कनेक्शन प्रदान करें।

**नगर निगम और निकाय :** सभी पूजा स्थलों और बाजार क्षेत्रों में सफाई, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट और प्रकाश व्यवस्था की अभी से तैयारी शुरू करें।

**यातायात पुलिस :** त्योहारों के दौरान जाम और भीड़ नियंत्रण हेतु विशेष यातायात योजना लागू करें।

**सिंचाई विभाग :** छठ पूजा से पूर्व हिण्डन नदी की सफाई कराकर श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ जल/गंगाजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

**खाद्य सुरक्षा विभाग :** मिलावटी खाद्य पदार्थों पर सख्त कार्रवाई करें, विशेषकर दूध व मिठाइयों में मिलावट रोकने पर ध्यान दें।

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग : बड़े आयोजन स्थलों पर कंट्रोल रूम और मेडिकल सहायता टीम तैनात करें, साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखें।

### लंबे समय बाद एक मंच पर दिखे पुलिस-प्रशासन के अधिकारी

करंट क्राइम : सोमवार को हिंदी भवन में आगामी त्यौहारों को लेकर जो बैठक थी ,उसमें लंबे समय बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी एक मंच पर, एक पंक्ति और एक साथ नजर आए। इसमें जिलाधिकारी से लेकर सिटी मजिस्ट्रेट, एडीएम और एसडीएम से लेकर एडिशनल सीपी ,डीसीपी सहित अन्य स्तर के अधिकारी भी इस त्यौहारी सीजन को सफल बनाने वाली बैठक में नजर आए।

# हर बूथ पर सपा को मजबूत करना ही हमारा मूल उद्देश्य : फैसल हुसैन

### सभी समाजवादी जुट गए हैं विधानसभा चुनावों की तैयारी में



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण-2027 का आगाज हो चुका है और सियासी दल तैयारियों में जुट गए हैं। कौन सी सीट पर क्या समीकरण रहेगा ये हाईकमान देखेगा, लेकिन बूथ पर किस तरह से पार्टी को मजबूत करना है, इसे स्थानीय संगठन देखेगा। चुनावी रण की तैयारियों में समाजवादी पार्टी भी जुटी है। बीते दिनों लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीन जिलों की बैठक ली। इनमें नोएडा, बागपत और गाजियाबाद जिला शामिल है। बैठक में गाजियाबाद से चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं के बारे में भी सपा सुप्रीमों ने जानकारी ली और संगठन को भी निर्देश दिये। जिस तरह से समाजवादी पार्टी अपने विपक्ष वाले तेवरों के साथ काम कर रही है उससे लग रही है कि वो गाजियाबाद में भी कई सीटों को अपने कोटे में लेंगे। समाजवादी पार्टी किस तरह से काम करेगी क्या समीकरण रहेगा और संगठन स्तर पर क्या रणनीति रहेगी इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन से बात की।

जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने एसआईआर से लेकर बूथ जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बिहार के बाद एसआईआर को लेकर कुछ हो उससे पहले समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में इसके लिये तैयार है। उन्होंने बताया कि पार्टी स्तर पर योजना तैयार हो चुकी है और हम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं। चुनावी रण को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा सबसे पहला फोकस बूथ पर सपा की टीम को मजबूत करने का है। हर बूथ पर हमारा मजबूत समाजवादी साथी मौजूद रहेगा। पार्टी के कार्यकताओं को चुनावी रण में उतरने के निर्देश दे दिये गये हैं और इस दिशा में काम भी शुरू हो गया है।

हर बूथ पर हमारा कार्यकर्ता मौजूद है। पहल हमने बूथ प्रभारी बनाए थे और अब बीएलए बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कारणों से पीडीए पंचायत को रोका गया था और फिर से इस कार्यक्रम को शुरू करेंगे। फैसल हुसैन ने कहा कि हम हाईकमान के निदेशों का पालन कर रहे हैं। हम कार्यकताओं के साथ चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन स्तर पर तैयारी शुरू हो चुकी है और जैसे-जैसे हमें हाईकमान से निर्देश प्राप्त होंगे, वैसे-वैसे हम कार्यकताओं के साथ उन निदेशों का पालन करेंगे और करांएगे।

### गुमशुदा लोगों को खोजने का पुलिस ने लगाया अर्धशतक

# 52 लापता लोगों को परिवार वालों के किया सुपुर्द

### 09 नाबालिग बालक-बालिकाएं और 29 महिलाएं भी सकुशल घर पहुंची

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी पुलिस द्वारा ऑपरेशन स्माइल चलाया जाता है। जिसका मकसद खोए हुए लोगों की वापसी, उनके परिजनों से मिलाना था। इसी को आगे बढ़ाते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद भी लगातार गुमशुदा लोगों को सकुशल घर वापसी करवा रही है।

इसी कड़ी में 15 सितंबर से 13 अक्टूबर तक चलाए गए विशेष अभियान में गाजियाबाद पुलिस ने अर्धशतक लगाते हुए 52 लापता व्यक्तियों को सकुशल बरामद करने का काम किया है। साथ ही उनके परिजनों को सुपुर्द किया है। इसके बाद गाजियाबाद पुलिस को परिजनों ने धन्यवाद दिया है। तो वहीं खोए हुए परिवार वापस एक हो गए, उनमें खुशी की लहर है। गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिन 52 लापता व्यक्तियों को सकुशल बरामद करने का काम किया गया है। उसमें 9 नाबालिग बालक-बालिकाएं और 29 महिलाएं भी शामिल हैं।



### सीसीटीवी फुटेज ,मोबाइल ट्रैकिंग वर्क और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग आई काम

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने बताया है कि अलग-अलग थानों पर मिली गुमशुदगी की शिकायतों पर पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया है। जिसमें सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल ट्रैकिंग, सोशल मीडिया ऑडिटिंग और स्थानीय सूचना तंत्र और अलग-अलग थाना पुलिस व बीट पुलिसिंग की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। साथ ही यह भी जानकारी दी है कि इस पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए थाना पुलिसिंग और अलग-अलग जोनवार क्राइम पर काम करने वाली टीमों का भी योगदान रहा है।

### गुमशुदा लोगों को वापस लौटाने में देहात जोन आगे



**करंट क्राइम :** बीते लगभग एक माह के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए अलग-अलग थाना प्रभारियों और जोनवार डीसीपी स्तर के अधिकारियों को खोए हुए लोगों को खोजने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। जिसके तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुल 52 लोगों को बरामद किया गया है। इसमें ग्रामीण जोन पुलिस द्वारा 23 लोगों की सकुशल बरामदगी कराई गई है, जो टॉप पर हैं। तो वही दूसरे नंबर पर नगर जोन पुलिस ने 16 लोगों को बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। इसी के साथ ट्रांस हिंडन पुलिस ने 13 लोगों को खोजकर उनके परिवारों से मिलवाने का काम किया है।



पुलिस अपराध नियंत्रण के साथ ही सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रही है। जिस तरीके से कुछ लोग अपने परिवार से बिछड़ गए थे, उनको दोबारा से परिवारों को सौंपा गया है और एक सुखद प्रयास था, जो आगे भी जारी रहेगा।

जे रविंदर गौड, पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद

# बीते 8 महीना में 8 लाख 66 हजार वाहन स्वामियों के हुए चालान नो पार्किंग को लेकर भी 92,921 लोगों पर हुआ है एक्शन

### - सड़क हादसों में कमी लाने के लिए लगातार चल रहे हैं अभियान

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए लगातार अभियान और ट्रैफिक पुलिस की सेवा में विस्तार किया जा रहा है। बीते 8 महीने में 1 जनवरी से लेकर अगस्त माह तक गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा कुल 8 लाख 66 हजार चालान काटे गए हैं। इसमें बिना हेलमेट के तीन लाख 77 हजार 402, तो नो पार्किंग पर 92,921 लोगो पर एक्शन लिया गया है। इसके साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 19,782 लोगों और ओवर स्पीडिंग में 17,881 पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तो नो एंट्री में 11,551 वाहन स्वामियों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए की गई बताई जा रही है।



### दो पहिया वाहन चालक हैं ज्यादा लापरवाह



करंट क्राइम : यातायात पुलिस के आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार चारपहिया वाहन की तुलना में दोपहिया वाहन अधिक नियम तोड़ते हैं। जहां बिना हेलमेट के तीन लाख 77 हजार और 402 लोगों पर एक्शन लिया गया है। तो वहीं बिना सीटबेल्ट के 8,811 लोगों पर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही प्रदूषण फैलाने के मामले को लेकर भी 9,730 लोगों पर ट्रैफिक पुलिस गाजियाबाद द्वारा कार्रवाई की गई है। उधर यातायात पुलिस के डाटा के अनुसार दोपहिया वाहन अधिक नियम तोड़ते हैं। रॉन्ग साइड आने से लेकर बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस किए हुए वाहन चलाते हैं।

### ओवर स्पीडिंग पर नहीं लग रही है लगाम



करंट क्राइम : सड़क हादसों में ओवर स्पीडिंग को मुख्य वजह माना जाता है। इसके बावजूद भी ओवर स्पीडिंग को लेकर लोग सुधर नहीं रहे हैं जबकि मुख्य रोड से लेकर शहर के प्रमुख इलाकों में इन दिनों आधुनिक ट्रैफिक संचालित होने वाली मशीन लगाने का काम हो रहा है। तो वहीं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-व हाईव ईस्टर्न पेरीफेरल-वे पर कई स्थानों पर ओवर स्पीडिंग मशीन लगी हुई है। जिससे ऑटोमेटिक चालान होते हैं। इसके बावजूद गाजियाबाद में बीते 8 माह के दौरान 17,681 लोगों के चालान ओवर स्पीडिंग के तहत काटे जाने की जानकारी मिली है।

### नो एंट्री में भी चलती है मनमानी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नो एंट्री को लेकर यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस ने कुल मिलाकर 11,551 लोगों पर चालान वाला दंड लगाया है। तो वहीं 23 लाख 97 हजार 800 रुपये की वसूली भी इन्हीं वाहन स्वामियों से की गई है। जो बता रहा है कि तय समय और नो एंट्री के समय में वाहन लेकर शहर के अलग-अलग स्थान मार्गों पर आते हैं, जिसके बाद यातायात पुलिस को एक्शन लेना पड़ता है।



"ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए लगातार अभियान चलाने के साथ ही चालान भी किए जा रहे हैं। दोपहिया वाहनों पर अधिक सख्ती बरती जा रही है। साथ ही ओवर स्पीडिंग और नो पार्किंग प्रदूषण को लेकर भी गंभीरता दिखाई जा रही है।

सच्चिदानंद, एडीसीपी ट्रैफिक

# पुलिस कमिश्नर ने भोजपुर थाने के मिशन शक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

### हेल्प डेस्क पर बैठी महिलाओं को संवेदनशीलता और मृदुल व्यवहार का दिया निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति 5.0 को चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लगातार महिला जागरूकता, महिला अपराध कम करने और महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। तो पुलिस की वरिष्ठ महिला अधिकारी भी इस अभियान में जुड़ी हुई हैं।

इसी अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने भोजपुर थाने का निरीक्षण किया और यहां के महिला शक्ति मिशन केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने महिला शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशीलता और मृदुल व्यवहार रखने का निर्देश दिया है। तो वहीं महिलाओं की आने वाली शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया।

### आगंतुकों के लिए वेटिंग एरिया बनाने का निर्देश

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने इस दौरान भोजपुर थाने के प्रभारी को निर्देश दिया है कि यहां आगंतुकों के लिए वेटिंग एरिया बनाया जाए। थाना परिसर में लगे सभी कैमरों को व्यवस्थित रखा जाए और वह चालू रहें। पानी के साथ लाइटिंग की व्यवस्था हो। साफ-सफाई और सभी रिकार्ड दुरुस्त रखें जाएं। इसके साथ ही उन्होंने परिसर में साफ-सफाई रखने पर भी जोर दिया है।

### बीट पुलिंग से आम लोगों को जोड़ें : कमिश्नर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने निरीक्षक के दौरान पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया है कि बीट पुलिसिंग के माध्यम से स्थानीय लोगों को पुलिस के साथ जोड़ें। उनसे आने वाली सूचनाओं पर काम करें, अपराधियों पर कार्रवाई हो और जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाने का काम किया जाए।



### लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे हैं सीपी

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। वे देहात से लेकर सिटी और नदियापार क्षेत्र के थानों तक पहुंचकर पुलिसिंग व्यवस्था की गहराई से समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सीपी मिशन शक्ति डेस्क और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का भी जायजा ले रहे हैं। उन्होंने थानों में दर्ज शिकायतों, महिला सहायता व्यवस्था और अपराध नियंत्रण उपायों की स्थिति को परखाआवश्यक सुधार के निर्देश देते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि थानों की कार्यशैली में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है। लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर तत्काल बदलाव की कार्रवाई की जा रही है।

## संपादकीय

# डिजिटल जालसाजी का शिकार

डिजिटल प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को आसान और कुशल बनाती है। इससे संचार, शिक्षा, बैंकिंग और स्वास्थ्य सहित कई सेवाएं बेहतर हो जाती हैं। निस्संदेह यह तकनीक आज के समय की जरूरत बन गई है। मगर निजी और व्यावसायिक स्तर पर इसका जितना महत्त्व है, बिना व्यापक जानकारी के इसका इस्तेमाल उतना ही खतरनाक साबित हो सकता है। इस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल अब आपराधिक गतिविधियों में भी धड़ल्ले से होने लगा है। इसी तरह के एक मामले में महाराष्ट्र के अमरावती में उपभोक्ता अदालत से सेवानिवृत्त न्यायाधीश को साइबर जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर उनसे इकतीस लाख रुपए ठग लिए। हालांकि, इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी ऐसे कई मामले देश भर में सामने आ चुके हैं। मगर सवाल है कि इन घटनाओं से शासन-प्रशासन और डिजिटल तकनीक से जुड़े लोग क्या सबक ले रहे हैं? क्या इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कोई ठोस उपाय किए गए हैं?

दरअसल, डिजिटल अरेस्ट का मतलब है कि जब साइबर जालसाज किसी व्यक्ति को आनलाइन माध्यम से डराते-धमकाते हैं और उसे तब तक एक स्थान पर ही रहने को मजबूर कर देते हैं, जब तक कि वह मुंह मांगी रकम नहीं दे देता। ऐसे में सबसे पहले यह जरूरी है कि डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या सौ करोड़ तक पहुंच गई है। मगर, सवाल है कि इनमें से कितने लोग ऐसे होंगे, जो डिजिटल तकनीक की जटिलताओं और इसके संभावित खतरों को जानते-समझते हैं? आए दिन सामने आ रहे साइबर अपराधों की तस्वीर से साफ है कि ऐसे लोगों की संख्या बेहद कम है। अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अगर शिक्षित एवं उच्च पदों पर रहे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं, तो डिजिटल तकनीक के मामले में आम लोगों के साथ क्या स्थिति होगी। सरकार की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी नई तकनीक को लेकर जनता के बीच व्यापक जागरूकता लाई जाए। साथ ही, तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल इस हफ्ते अमेरिका का करेगा दौरा

**नई दिल्ली।** भारत के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल व्यापार वार्ता के लिए इस सप्ताह अमेरिका का दौरा करेगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। भारत के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल व्यापार वार्ता के लिए इस सप्ताह अमेरिका का दौरा करेगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



इससे पहले फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। समझौते का पहला चरण 2025 अक्तूबर-नवंबर तक पूरी करने की योजना बनाई गई थी। अब तक दोनों देशों के बीव व्यापार वार्ता के पांच दौर पूरे हो चुके हैं। अधिकारी ने कहा, ह्यह्यभारतीय टीम इस सप्ताह दौरा करेगी।ह्वह्व पिछले महीने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार वार्ता के लिए एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व न्यूयॉर्क में किया था।

उस बैठक के बाद, भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए वार्ता जारी रखने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठकें कीं। यात्रा के दौरान, मंत्री ने संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर और भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। यह वार्ता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका ने रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय माल पर 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ और 25 प्रतिशत अतिरिक्त जुमार्ना लगाया है। वर्तमान में भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाता है।

इस समझौते का लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। अमेरिका 2024-25 में लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहेगा, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर (86.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात) होगा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत तथा देश के कुल वस्तु व्यापार में 10.73 प्रतिशत है।

## अगस्त 2025 में चाय उत्पादन में साल-दर-साल गिरावट, चाय बोर्ड ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली।** अगस्त 2025 के दौरान चाय का उत्पादन घटकर 170.12 मिलियन किलोग्राम रह गया है, जबकि 2024 के इसी महीने में यह 184.45 मिलियन किलोग्राम था। चाय बोर्ड ने इससे जुड़े आंकड़े जारी किए हैं।

आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 के दौरान असम में उत्पादन मात्रा 104.46 मिलियन किलोग्राम की तुलना में मामूली रूप से घटकर 103.52 मिलियन किलोग्राम रह गई। पश्चिम बंगाल में भी उत्पादन अगस्त 2025 में घटकर 45.90 मिलियन किलोग्राम रह गया, जो 2024 के इसी पिछले महीने में 56.08 मिलियन किलोग्राम था। असम और पश्चिम बंगाल को मिलाकर, अगस्त 2025 के दौरान उत्तर भारत में चाय का उत्पादन घटकर 153.99 मिलियन किलोग्राम रह जाएगा, जबकि 2024 के पिछले महीने में यह 166.15 मिलियन किलोग्राम था। दक्षिण भारत में अगस्त 2025 के दौरान कुल उत्पादन घटकर 16.13 मिलियन किलोग्राम रह गया, जबकि अगस्त 2024 में यह 18.30 मिलियन किलोग्राम था। आंकड़ों के अनुसार, श्रेणीवार, उत्तर भारत में सीटीसी किस्म का उत्पादन अगस्त 2025 में घटकर 135.59 मिलियन किलोग्राम रह गया, जबकि 2024 के इसी महीने में यह 150.76 मिलियन किलोग्राम था।



दक्षिण भारत में, सीटीसी चाय का उत्पादन अगस्त 2025 में घटकर 13.13 मिलियन किलोग्राम रह गया, जबकि पिछले इसी महीने में यह 15.41 मिलियन किलोग्राम था। आंकड़ों के अनुसार, देश में अगस्त 2025 में ऑर्थोडॉक्स किस्म का उत्पादन 19.22 मिलियन किलोग्राम रहा, जबकि 2024 के इसी महीने में यह 15.81 मिलियन किलोग्राम था।

## सोने की चमक ने तोड़े सभी रिकॉर्ड सितंबर तक 57 फीसदी रिटर्न



**नई दिल्ली।** 2025 में सोने की कीमतों ने नया रिकॉर्ड बनाया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, सितंबर तक सोने ने 57% तक रिटर्न दिया है। जानिए क्यों बढ़ रहा है सोना, क्या आगे भी जारी रहेगी तेजी और निवेश के लिए कौन-सा विकल्प बेहतर है। सोने की चमक ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है।

2025 में सोना जिस रफ्तार से बढ़ा है, उससे पहले कभी नहीं बढ़ा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, इस साल सितंबर तक सोने ने 57 फीसदी तक रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंची कीमतों के बाद भी सुरक्षित निवेश के लिए सोने की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है, क्योंकि वैश्विक बाजार में आर्थिक जोखिम बढ़ रहे हैं। सोने से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका में ब्याज दर जितनी घटेगी, सोना उतना बढ़ेगा।

मौजूदा हालात सोने में और तेजी का इशारा कर रहे हैं। मिराए असेट शेयरखान के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड (कमोडिटी एंड करेंसी बिजनेस) जिगर पंडित कहते हैं, दुनियाभर के केंद्रीय बैंक डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए, अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 2022 से लगातार बढ़ा रहे हैं। इससे भी सोने की तेजी को बल मिल रहा है। 2025 में अगस्त तक दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 138 टन सोना खरीदा है।

### इस तेजी के बीच सोना खरीदना चाहिए या नहीं

जवाब है- हां, लेकिन सोच-समझकर। कमोडिटी समाचार सिक्यूरिटीज के सह-संस्थापक और रिसर्च हेड अंकित कपूर कहते हैं, अगर आप शॉर्ट-टर्म ट्रेडर हैं, तो थोड़ी सावधानी रखें। क्योंकि लगातार 50 दिनों की तेजी के बाद एक सीमित प्रॉफिट बुकिंग आ सकती है। यदि आप लॉन्ग-टर्म निवेशक हैं यानी अगले 6 महीने से 3 साल का दृष्टिकोण रखते हैं, तो पोर्टफोलियो में सोने की भागीदारी बढ़ाने का समय है। ऑगमोंट गोल्ड की रिसर्च हेड, डॉ. रेनिशा चैनानी के मुताबिक, लंबी अवधि के लिए सोना अभी खरीदा जा सकता है। रिकॉर्ड लेवल पर मुनाफा वसूली होने से सोने की कीमतों में 5-10% करेक्शन की उम्मीद है। हर गिरावट पर सोने में निवेश का अच्छा मौका होगा।

# रिलायंस पावर के सीएफओ और तीन दिन की ईडी हिरासत में, कंपनी के शेयर 10 फीसदी से ज्यादा फिसले

**ई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग मामले में शनिवार को रिलायंस पावर के वरिष्ठ कार्यकारी अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सोमवार को जब बाजार खुले तो रिलायंस पावर के शेयर 10% से ज्यादा टूटकर दिन के सबसे निचले स्तर 43.55 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। उधर, अदालत ने पाल को तीन दिन की अतिरिक्त सीबीआई हिरासत में भेज दिया है।




रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी अशोक कुमार पाल को 3 दिन की अतिरिक्त ईडी हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें 16 अक्टूबर को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। उधर, वित्तीय परेशानियों और कानूनी पचड़ों से जूझ रहे उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को सुबह के कारोबार के दौरान 10.5% तक की गिरावट दिखी।

प्रवर्तन निदेशालय ने कथित फर्जी बैंक गारंटी और फर्जी इनवॉइसिंग मामले में शनिवार को रिलायंस पावर के वरिष्ठ कार्यकारी अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सोमवार को जब बाजार खुले तो रिलायंस पावर के शेयर 10% से ज्यादा टूटकर दिन के सबसे निचले स्तर 43.55 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। वहीं रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 4.5% गिरकर 231 रुपये प्रति के भाव पर आ गए।

पाल को दो दिन की हिरासत में भेजा गया था। सोमवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें फिर तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किए गए पाल से कई घंटों तक पूछताछ की गई।

अब तक की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित वित्तीय अनियमितताओं और संभावित उल्लंघनों की जाँच कर रहा है। यह कार्रवाई 24 जुलाई को बड़े पैमाने पर की गई ईडी कार्रवाई के बाद की गई है, जिसके दौरान रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े 35 परिसरों, 50 कंपनियों और 25 से अधिक व्यक्तियों की तलाशी ली गई थी। ईडी यह जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक एफआईआर के आधार पर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में कर रही है। यस बैंक के तत्कालीन प्रमोटर भी इस मामले में जांच के दायरे में हैं।

## चीन पर नए अमेरिकी टैरिफ का असर भारतीय बाजार पर, सेंसेक्स और निफ्टी फिसले

**नई दिल्ली।** सोमवार को तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 173.77 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ, जिससे दो दिन से जारी तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 457.68 अंक या 0.55 प्रतिशत गिरकर 82,043.14 अंक पर आ गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 1 नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आईटी और एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली दिखी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण सोमवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 173.77 अंक या




0.21 प्रतिशत गिरकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ, जिससे दो दिन से जारी तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 457.68 अंक या 0.55 प्रतिशत गिरकर 82,043.14 अंक पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 58 अंक या 0.23 प्रतिशत गिरकर 25,227.35 पर आ गया, क्योंकि इसके 30 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, 19 लाभ में रहे और एक अपरिवर्तित रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयर रहे। हालांकि, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक लाभ में रहे।

## रोचक तथ्यों का करंट



- क्या आप जानते हैं? अल्बर्टविले, फ्रांस में ब्यूफोर्ट पनीर बनाने से उत्पन्न होने वाली बायोगैस को उस शहर की बिजली बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।
- स्टाइलटन नीले पनीर अक्सर, उज्ज्वल सपने के लिए जाना जाता है।
- साल 2005 के एक अध्ययन में पाया गया कि रात को बिस्तर पर जाने से 30 मिनट पहले पनीर खाने से आप बेहतर सो सकते हैं।
- ग्रीस के लोग दुनिया भर में पनीर के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। ग्रीस से एक औसत व्यक्ति प्रति वर्ष लगभग 27.3 किलोग्राम (60.1 पाउंड) पनीर का सेवन करता है, जिसमें से लगभग 3/4 से फेटा पनीर होता है। दूसरे स्थान पर फ्रांस और तीसरा आइसलैंड है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में सबसे महंगी पनीर को पुले पनीर कहा जाता है। यह सर्बिया से बाल्कन गधी के दूध से बना होता है, और $ 600 प्रति पाउंड लागत आती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की, वैज्ञानिकों ने सफलतापूर्वक पैर की उंगलियों और नाभि से एकत्र मानव बैक्टीरिया का उपयोग करके पनीर का निर्माण किया है।

## राशिफल



**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।
**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।
**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।
**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।
**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।
**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।
**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।
**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।
**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।
**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।
**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

बंटू : वेटर, ऐसी चाय पिलाओ जिसे पीकर मन झूम उठे और बदन नाचने लगे
वेटर : सर हमारे यहां भैंस का दूध आता है, नागिन का नहीं

संजू : पंडित जी , किसी सुंदर लड़की का हाथ पाने के लिए क्या करूं?
पंडित जी : किसी मॉल के बाहर मेहंदी लगाने का काम शुरू कर दे।

संजू ने कल अपनी छोटी सी मासूम भतीजी से पूछा बताओ बिल्ली पूँछ क्यों हिलाती है ?
भतीजी : क्यूंकि पूँछ उसकी है। वो जो मर्जी करे।

ट्यूशन मास्टर : गधे, तूने होमवर्क क्यों नहीं किया?
संजू : जरा तमीज से बात करो, कस्टमर से ऐसे बात करते हैं क्या?
संजू की पिटाई तो होनी ही थी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

14 10 2025 करंट क्राइम
सेलेब्रिटी जन्मदिन
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
आज के जन्मदिन



गौतम गंभीर
(क्रिकेटर)



वृन्दा यादव, स्वीटी रैना, निशा यादव, ईशिका कौशिक, आकाश वर्मा



सचिन शर्मा, ललित शर्मा, अभिषेक तोमर, अरविंद नागर, दीपक जैन, जगमीत सिंह, मदन दूबे



मुकेश पांचाल, अभिषेक, सुरेन्द्र यादव, वीरेन्द्र त्यागी, गुरमिंदर सिंह, आबिद खान, नितिन प्रधान, प्रकाश शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# जीडीए ने इन्दिरापुरम क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरुद्ध की सीलिंग व ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में सोमवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-06 के नेतृत्व में इन्दिरापुरम आवासीय योजना के अन्तर्गत शक्तिखण्ड-1 के भूखण्ड संख्या-333/10, पर पूर्व में प्राधिकरण द्वारा लगायी गयी सील को निर्माणकर्ता आलोक विक्रम द्वारा तोड़ कर निर्माण करने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी, शक्तिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-90 के निर्माणकर्ता आलोक विक्रम एवं अहिंसाखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-07 के निर्माणकर्ता शिवदीप त्यागी के अवैध निर्माणों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

इसके अतिरिक्त शक्तिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-89 के निर्माणकर्ता सन्दीप एवं नीतिखण्ड-1 के भूखण्ड संख्या-916 एवं 917 इन्दिरापुरम के निर्माणकर्ता अनिल अग्रवाल द्वारा किये गये अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान प्रभारी प्रवर्तन जोन-6, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-06 का समस्त स्टाफ व जीडीए पुलिस बल उपस्थित रहा। अवैध निर्माणों के विरुद्व ध्वस्तीकरण/सीलिंग की कार्रवाई इसी प्रकार आगे भी जारी रहेगी।

# सिविल डिफेंस के सभी रिक्त स्थान की पूर्ति के दिये निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिविल डिफेंस के कलेक्ट्रेट प्रभाग के डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार ने कहा कि पोस्ट में सबसे पहले रिक्त स्थानों की पूर्ति की जाए। उसके बाद सभी नए वार्डन समय समय पर होने वाले प्रशिक्षण को अवश्य लें। इससे एक ओर जहां सिविल डिफेंस को जानने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्रशिक्षण के बाद आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है और आपातकालीन स्थिति में हम सभी एक टीम होकर बेहतर कार्य कर पाते हैं।

वह पोस्ट 7 की मासिक बैठक में बोल रहे थे। इस मौके पर स्टाफ आफिसर टू डिविजनल वार्डन अमित कुमार श्रीवास्तव ने नये तथा पुराने वार्डनों को सिविल डिफेंस के प्रारम्भिक प्रशिक्षण की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस में पदाधिकारियों की श्रृंखला किस प्रकार क्या क्या कार्य करती है। प्रशिक्षण की यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी, इसलिए सभी वार्डन जानकारी नोट करने के लिए अपने पास डायरी तथा पैन अवश्य रखें। इस मौके पर पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डिप्टी पोस्ट वार्डन पल्लवी शर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, गौरव दत्त शर्मा, गगन अरोड़ा, नीतू गर्ग, अनामिका अग्रवाल, भरत शर्मा, लव शर्मा, वन्दना अरोड़ा, रुचि गुप्ता, मयंक वत्स आदि उपस्थित रहे।

# दीपावली के पावन अवसर पर पार्षद शशि खेमका ने वार्ड 94 को स्ट्रीट लाइट लगाकर रोशन किया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद शशि खेमका ने लगभग वार्ड 94 में स्ट्रीट लाइट लगाकर वार्ड को रोशन किया है। दीपावली के पावन अवसर पर सूर्यनगर के मुख्य मार्ग (डॉक्टर भाभा मार्ग) पर नगर निगम द्वारा 120 वाट की 20 नई लाइट लगाई जा रही हैं। जो सूर्यनगर के इतिहास में पहले कभी नहीं लगी थीं। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर लगी हैं लाइटें - बी 19 सूर्यनगर, सी 17 सूर्यनगर, सी 18 सूर्यनगर, सी 19 सूर्यनगर, सी 20-21 सूर्यनगर, सी 22 सूर्यनगर, सी 23 सूर्यनगर, सी 25 सूर्यनगर, सी 26 सूर्यनगर, सी 27 सूर्यनगर, सी 28-29 सूर्यनगर (जैन आयोजन स्थल), सी 30 सूर्यनगर, सी 31 सूर्यनगर, सी 32 सूर्यनगर, सी 33 सूर्यनगर, सी 34 सूर्यनगर, सी 35 सूर्यनगर, सी 36 सूर्यनगर, सी 36 गेट नंबर के सामने, ए ब्लॉक रामपुरी मार्केट शॉप नंबर 11 के सामने।

पार्षद शशि खेमका ने इस पुनीत कार्य के लिए नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक प्रकाश प्रभारी आशकुमार प्रकाश निरीक्षक, सहप्रकाश निरीक्षक एवं ग्राउंड पर काम करने वाली टीम का आभार प्रकट किया। पार्षद शशि खेमका ने कहा कि मेरा वार्ड बदल रहा है और निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी और योगी जी के उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश से अतिउत्तम प्रदेश बनाने का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की। पार्षद शशि खेमका ने बताया कि इन मुख्य मार्ग की 20 लाइटों से न केवल सूर्यनगर वार्ड अपितु रामप्रस्थ, ब्रिज विहार एवं दिल्ली से वैशाली, वसुंधरा, इंदिरापुरम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा जाने वाले सभी लोग लाभान्वित होंगे।

# 400 मीटर दौड़ में गोल्ड जीत अलीगढ़ की नीरू ने बनाया रिकॉर्ड, ओलंपिक में पदक जीतना है सपना



**अलीगढ़।** अलीगढ़ में इगलास क्षेत्र के गांव गदाखेड़ा की बेटी अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीरु पाठक ने एक बार फिर अलीगढ़ जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरू ने अंडर-20 महिला वर्ग की 400 मीटर दौड़ में 53.38 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। साथ ही नया राष्ट्रीय मीट रिकॉर्ड भी बना डाला।

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव विवेक कुमार ने बताया कि नीरु पाठक ने 2017 में जिन्सना मैथ्यू द्वारा बनाए गए 53.52 सेकंड के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड हिमा दास के नाम है, जिन्होंने 2018 में 50.79 सेकंड का समय दर्ज किया था। नीरु पाठक के नाम पहले से ही अंडर-18 बालिका वर्ग में भी 400 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, जो 52.85 सेकंड का है।

लगातार रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड तोड़कर नीरु पाठक ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कुछ भी असंभव नहीं। 400 मीटर में नया मीट रिकॉर्ड बनाने पर उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की सचिव नरेंद्र कुमार ने नीरू पाठक और उनके कोच विशाल सक्सेना को हार्दिक बधाई दी।

### ओलंपिक में पदक जीतना है सपना : नीरू

नीरु पाठक कहतीं हैं कि उनका सपना ओलंपिक में पदक जीना है। उनके पिता किसान राजवीर पाठक बताते हैं कि नीरू बचपन में स्कूल दौड़कर जाती थी, तब लगता था कि बच्चे की चंचलता है, लेकिन आज वही नाम रोशन कर रही है। नीरू ने खेल की शुरूआत स्कूल की प्रतियोगिताओं से की थी। कोच विशाल सक्सेना ने प्रतिभा को पहचाना और उन्हें प्रशिक्षण देना शुरू किया। सुबह 4 बजे उठकर अभ्यास करना, फिर पढ़ाई और शाम को दोबारा ट्रैक पर उतरना, यही उनकी दिनचर्या बन गई। अब तक नीरु पाठक कई प्रादेशिक और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण जीत चुकी हैं।

# जलालपुर की बेटी एलिश बनी 'स्वर्णपरी', भुवनेश्वर में शॉटपुट में सात साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**मेरठ।** मेरठ के लावड़ थानाक्षेत्र स्थित गांव जलालपुर की बेटी एलिश ने शॉटपुट में ऐसा धमाका किया कि भुवनेश्वर का कलिंगा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एलिश ने 13.80 मीटर शॉटपुट फेंककर पंजाब की अलका सिंह का 2018 में बनाया गया 13.10 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस उपलब्धि के साथ एलिश ने स्वर्ण पदक जीतकर मेरठ जिले और अपने गांव जलालपुर का नाम रोशन किया। एलिश अंडर-16 कैटेगरी में खेल रही थीं। उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता में निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। परिवार और ग्रामीणों में उसकी इस सफलता से खुशी की लहर दौड़ गई। एलिश के दादा दिमाग सिंह, जो प्रधान राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक हैं, उन्होंने बताया कि पोती ने पंचकुला में अभ्यास किया और मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि एलिश पहले किसी खेल में रुचि नहीं रखती थी, लेकिन कॉलेज स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में जब डायरेक्टर डॉ. राजीव भारद्वाज ने उसे जैवलिन थ्रो में भाग लेने को कहा, तो उसने पहली बार हिस्सा लिया और जीत भी गई।

# राजनगर एक्सटेंशन के प्रत्येक हिस्से से मिले बेहतर कनेक्टिविटी : अतुल वत्स

## कई पहलुओं को लेकर प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ की बैठक

– जिन रोड के निर्माण में भूमि अर्जन का होना है काम, तेजी के साथ हो पूरा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा आज कई पहलुओं को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिन रोड के निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है, उनके प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस पहलू पर भी चर्चा हुई कि प्राधिकरण द्वारा बजट जो रोड निर्माण के लिए प्राविधान किए गए है, उसमें कितनी रोड का निर्माण किया जाना महत्वपूर्ण है।

अभी कितनी सडकें आ सकती है। साथ ही निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त होने वाले फंड से प्रस्तावित सडकों के डीपीआर प्राथमिकता के आधार पर तैयार करते हुए शासन को भेजा जाए। इसके अतिरिक्त अन्य सडकों के भूमि अर्जन से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किए जाए। बैठक के दौरान खासतौर से इस बात पर जोर दिया गया कि राजनगर एक्सटेंशन की ऐसी तमाम 18, 24 , 45 मीटर की रोड जिनकी कनेक्टिविटी नहीं है, उन्हें जोडने पर प्राथमिकता से काम किया जाए। तमाम रोड की एंड टू एंड कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ साथ जो रूकी हुई सडकें है , उनके काम में भी तेजी लायी जाए। राजनगर एक्सटेंशन की प्रमुख हम तुम रोड के कार्य में तेजी लाने के लिए मंगलवार को किसानों के साथ सहमति प्राप्त करने के लिए कैंप लगाने का भी निर्णय लिया गया।

# जोशना चिनप्पा ने जापान ओपन का खिताब जीता, फाइनल में इस खिलाड़ी को हराया



**नई दिल्ली।** भारत की चोटी की स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11–5, 11–9, 6–11, 11–8 से हराया। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 117वें स्थान पर काबिज चिनप्पा ने सेमीफाइनल में मिस्र की चौथी वरीयता प्राप्त राणा इस्माइल को 11–7, 11–1, 11–5 से हराया था। इस बीच, मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह रविवार को रेडवुड सिटी (अमेरिका) में चल रहे 130,500 डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड इवेंट सिलिकॉन वैली ओपन के राउंड ऑफ 16 के मैच में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के विक्टर क्रूइन से 4–11, 2–11, 1–11 से हार गए।

# अपनी मांगों को लेकर पटाखा व्यापारियों ने अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के समस्त फुटकर पटाखा व्यापारी अपनी मांगों को लेकर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर केशव कुमार चौधरी से मुलाकात की। पटाखा व्यापारियों में अपनी समस्याओं से पुलिस अधिकारी को अवगत करवाया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर केशव चौधरी ने आश्वासन दिया कि जैसे ही सुप्रीम कोर्ट का आर्डर आ जाएगा वैसे ही हम अपने आदेश जारी कर देंगे। तत्काल प्रभाव से उन्होंने तुरंत ही समस्त गाजियाबाद के डीसीपी को आगे की प्रक्रिया के लिए आदेशित कर दिया है। पटाखा व्यापारियों ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को एक ज्ञापन सपा जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ग्रीन पटाखों पर जारी प्रतिबंध से संबंधित अंतिम आदेश फिलहाल रिजर्व रखा गया है और आदेश किसी भी समय जारी किया जा सकता है। इस संबंध में कमिश्नरेट स्तर पर आवश्यक तैयारी की आवश्यकता है। पटाखा व्यापारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि 8 संविधान के अनुच्छेद 141 आर्टिकल 141 के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का आदेश लॉ ऑफ द लैंड है और उसका पालन राज्य सरकार के किसी भी अतिरिक्त नोटिफिकेशन की प्रतीक्षा का विषय नहीं है। जिला प्रशासन का दायित्व है कि न्यायालय के निर्देश का पालन तुरंत सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की देरी या प्रतीक्षा इस दायित्व को कमजोर नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश को रिजर्व रखा है जिला गाजियाबाद कमिश्नरेट को चाहिए कि आदेश आने से और भी आवश्यक समन्वय बैठक कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित कर ली जाए ताकि आदेश जारी होते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पूर्व में अस्थाई 40 लाइसेंस धारकों को दिया निर्देश संबंधित विभागों में स्टैंड बाय में रखते हुए तत्परता से कार्रवाई प्रारंभ कर तत्काल आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ 'आत्मरक्षा' की ढाल

## सिहानी - 3 की छात्राओं के लिए नि:शुल्क मार्शल आर्ट प्रशिक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक्टिव ग्रीन (नींव) संस्था और किक बॉक्सिंग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने एक सराहनीय पहल करते हुए प्राथमिक विद्यालय सिहानी - 3 में स्कूल की छात्राओं के लिए नि:शुल्क मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया। स्कूल की बच्चियों ने इस प्रशिक्षण कैंप में पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। एक्टिव ग्रीन संस्था की अध्यक्ष निधि विश्वकर्मा ने इस अवसर पर बताया कि उनकी संस्था का प्रकल्प 'नींव' कई वर्षों से बालिकाओं के विकास के लिए काम कर रहा है।

किक बॉक्सिंग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव और ब्लैक बेल्ट्स मुंबई इंटरनैशल गोल्ड मेडलिस्ट विक्की पांचाल ने आत्मरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आत्मरक्षा एक कला नहीं बल्कि एक आत्मविश्वास की ढाल है। हमारा उद्देश्य हर लड़की को इतना सक्षम बनाना है कि वह स्वयं अपनी रक्षा कर सके और आजादी से अपने स्कूल और ट्यूशन जा सके। इस प्रशिक्षण कक्षा में निधि विश्वकर्मा, विक्की पांचाल, प्रिंसिपल प्रीति सक्सैना, अध्यापकगण, और विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे। यह पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संकल्प को 'बेटियों को आत्मरक्षा करना सिखाओ' के आयाम से मजबूत करती है।

# भारत और पाकिस्तान की हॉकी टीमों के बीच होगा मैच, पीएचएफ ने खिलाड़ियों को दी यह सलाह

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की हॉकी टीमों के बीच मंगलवार को सुल्तान जोहोर कप का मुकाबला होना है। दोनों टीमों के बीच यह मैच मलयेशिया के जोहर बाहरू में होगा। इससे पहले ही पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अपनी टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है। दरअसल, पिछले कुछ समय से दोनों देशों के बीच रिश्ते तल्ख चल रहे हैं और इसका असर मैदान पर भी देखने मिला है।

### टकराव से बचने कहा

पीएचएफ ने अपने खिलाड़ियों से भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचने की सलाह दी है। पहलगाम में आतंकी हमले के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में संपन्न एशिया कप के मैचों के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था, जिसमें फाइनल भी शामिल था। इससे विवाद पैदा हो गया था और पाकिस्तान ने एशियाई क्रिकेट परिषद और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में विरोध दर्ज कराया था। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी। पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को भारतीय टीम की हाथ न मिलाने की नीति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों से कहा गया है कि अगर भारतीय खिलाड़ी मैच से पहले या बाद में हाथ नहीं मिलाते हैं तो उन्हें अनदेखा कर देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्हें खेल के दौरान किसी भी तरह के भावनात्मक टकराव से बचने के लिए भी कहा गया है।

पाकिस्तान ने अगस्त में बिहार के राजगीर में आयोजित पुरुष एशिया कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजी थी। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों से कहा है कि वे सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।

# 23 साल बाद भारत में वेस्टइंडीज के ओपनर का शतक छक्का लगाकर पहली सेंचुरी लगाने वाले 5 वें कैरिबियाई



**वेस्टइंडीज।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल ने आखिरकार अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ दिया। भारत के खिलाफ खेली गई इस यादगार पारी में उन्होंने अपनी 50वीं टेस्ट पारी में यह उपलब्धि हासिल की। यह पारी वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ने वाली साबित हुई। कैंपबेल वेस्टइंडीज के फॉलोऑन के दौरान तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। जडेजा ने उन्हें एल्बीडब्ल्यू आउट किया। उन्होंने 199 गेंद में 12 चौके और तीन छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। कैंपबेल ने शाई होप के साथ तीसरे विकेट के लिए 294 गेंद में 177 रन की साझेदारी निभाई।

### छक्के से पूरा किया शतक

कैंपबेल ने अपना पहला टेस्ट शतक बेहद यादगार अंदाज में पूरा किया। भारत के गेंदबाज रवींद्र जडेजा की गेंद पर उन्होंने शानदार स्लॉग स्वीप शॉट खेला, जो लॉन्ग ऑन पर छक्के के लिए गया। उन्होंने अपना शतक छक्के से पूरा किया और मैदान में तालियों की गूंज के बीच हेलमेट उतारकर ड्रेसिंग रूम की ओर देखा, जहां साथी खिलाड़ी खड़े होकर उनका अभिवादन कर रहे थे। जॉन कैंपबेल अब उन चुनिंदा वेस्टइंडीज बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने छक्के के साथ अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया है। मार्च 2023 के बाद यह पहला मौका है जब किसी वेस्टइंडीज के ओपनर ने टेस्ट मैच में शतक बनाया।

कैंपबेल ने लगभग दो साल का सूखा खत्म करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, भारत के खिलाफ 19 साल बाद किसी वेस्टइंडीज ओपनर का शतक है। भारत के खिलाफ किसी कैरिबियाई सलामी बल्लेबाज ने पिछली बार 2006 में शतक बनाया था। तब डैरेन गंगा (135 रन, बैसेटेरे) ने शतक बनाया था। अब 19 साल बाद, जॉन कैंपबेल ने यह दुर्लभ उपलब्धि दोहराई।

### भारत में 23 साल बाद कैरिबियाई ओपनर का शतक

भारत की धरती पर वेस्टइंडीज के किसी ओपनर ने पिछली बार 2002 में ईडन गार्डन्स (कोलकाता) में वेवेल हाइंड्स के रूप में शतक बनाया था। अब 23 साल बाद, कैंपबेल ने भारत में यह नया इतिहास रच दिया।

### सबसे ज्यादा पारियां खेलकर पहला टेस्ट शतक

जॉन कैंपबेल ने अपने करियर की 50वीं पारी में पहला शतक बनाया। यानी वेस्टइंडीज के इतिहास में यह किसी ओपनर के लिए अपने पहले टेस्ट शतक के लिए सबसे लंबा इंतजार था। इससे पहले यह रिकॉर्ड डैरेन गंगा के नाम था।

# जीडीए का बुलडोजर याकूतपुर मवी में चला 17,000 वर्गमीटर की अवैध कॉलोनी ध्वस्त

## विरोध के बीच पूरी हुई कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को याकूतपुर मवी, दिव्य ज्योति कॉलेज के बराबर में, निवाड़ी रोड मोदीनगर स्थित लगभग 17,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैली अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया।

यह कार्रवाई उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में की गई। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी इस स्थल पर ध्वस्तीकरण किया गया था, लेकिन कॉलोनाइजर द्वारा पुनः मिट्टी डालने, सड़क और साइड वॉल निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए थे। मौके पर ईशू नेहरा पुत्र रविंद्र नेहरा, कृष्णपाल, यशवीर उर्फ बाबू पुत्र प्रेमचंद और सुखपाल पुत्र ताराचंद द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र व स्वामित्व अभिलेख दिखाए निर्माण कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण की टीम ने सड़कों, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस समेत सभी अनाधिकृत संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण के दौरान कॉलोनाइजर व निर्माणकर्ताओं ने विरोध भी किया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित कर कार्रवाई पूरी की गई। मौके पर सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-02 का पूरा स्टाफ और प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा। प्राधिकरण ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और निमार्णों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है।

# डेनमार्क ओपन में सात्विक-चिराग की जोड़ी पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 950,000 डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनामेंट में देश के अभियान की अगुवाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को खिताब में बदलने की कोशिश करेंगे। इस छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली से होगा।

सात्विक और चिराग इस सत्र में भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में हांगकांग और चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूनामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक भी जीता और कई अन्य टूनामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।

पुरुष एकल में विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे।

# विधायक संजीव शर्मा ने वार्ड-22 में विधायक निधि से कराए गए निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया

**जनता ने विधायक संजीव शर्मा का किया जोरदार स्वागत, 25 लाख की लागत से बने इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर को आदर्श गाजियाबाद बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत शहर विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को वार्ड 22, सूर्या एन्क्लेव में विकास कार्यों का लोकार्पण किया। यह कार्य विधायक निधि से करवाया गया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 25 लाख रुपए बताई गई है। लोकार्पण किए गए कार्यों में मेन गेट से लेकर अजय चौधरी के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने और नाली निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता ने विधायक संजीव शर्मा का जोरदार स्वागत किया और उनके जनहितैषी प्रयासों की सराहना की।

# तेजस स्वीट्स के स्थापना दिवस पर हुआ भंडारे का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वेव सिटी सेक्टर 3 गेलरिया मॉल में तेजस स्वीट्स द्वारा अपना स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्वर्गीय ललित नागर एडवोकेट की जयंती भी मनाई गई और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भंडारा वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजक अखिल भारतीय गुर्जर पटेल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर मनोज नागर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 15 अक्टूबर तक न कराए नवीनीकरण तो निष्क्रिय सूची में जाएंगे निर्माण श्रमिक – श्रम विभाग की चेतावनी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहायक श्रमायुक्त (कृते-उप श्रमायुक्त) वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 1.87 करोड़ से अधिक निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से केवल 13.83 लाख का नवीनीकरण अद्यतन है। ऐसे सभी श्रमिक जिन्होंने चार वर्ष या उससे अधिक समय से अपना पंजीकरण नवीनीकृत नहीं कराया है, उन्हें 15 अक्टूबर 2025 के बाद निष्क्रिय सूची में डाल दिया जाएगा।



**गाजियाबाद मंडल के तहत**

- गाजियाबाद में 2,92,141,
- हापुड़ में 1,40,462, और
- बुलंदशहर में 2,72,828

निर्माण श्रमिकों का नवीनीकरण लंबित है। सहायक श्रमायुक्त ने अपील की है कि सभी श्रमिक 15 अक्टूबर तक अपना नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराएँ, अन्यथा वे बोर्ड द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे। नवीनीकरण जनसेवा केंद्र, bocw.in वेबसाइट, या जनपद श्रम कार्यालय के माध्यम से कराया जा सकता है।

**मुख्य तथ्य**

- **नवीनीकरण की अंतिम तिथि:** 15 अक्टूबर 2025
- **4 वर्ष से नवीनीकरण न कराने वाले श्रमिक:** लगभग 42 लाख
- **नवीनीकरण स्थल:** जनसेवा केंद्र / bocw.in / श्रम कार्यालय
- **नवीनीकरण न कराने पर:** निष्क्रिय सूची में नाम व योजनाओं से वंचित

**चेतावनी**

'निर्माण श्रमिक समय पर अपना नवीनीकरण करा लें, अन्यथा 15 अक्टूबर के बाद उनका पंजीयन निष्क्रिय कर दिया जाएगा।'

— वीरेन्द्र कुमार, सहायक श्रमायुक्त (कृते-उप श्रमायुक्त), गाजियाबाद

# सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल में दिवाली मेला 'दीपोत्सव' का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार, गाजियाबाद में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को दिवाली मेला 'दीपोत्सव' का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया।

मेले का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता और प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस भव्य आयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनमें खाद्य सामग्री, हस्तशिल्प, दीया सजावट और खेल-मनोरंजन के



स्टॉल्स प्रमुख थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'टैलेंट हंट' प्रतियोगिता रही, जिसने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा (नृत्य, गायन, वादन) प्रदर्शित करने का मंच दिया। खास बात यह रही कि छात्रों की माताओं ने भी डांस प्रतियोगिता एवं रैंप वॉक में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेल्फी जोन, टैटू स्टॉल और कला प्रतियोगिता ने भी विशेष ध्यान आकर्षित किया।

विद्यालय निर्देशिका सविता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि दिवाली आत्मविकास और रचनात्मकता का भी प्रतीक है और इस मेले ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने कहा कि 'दिवाली मेला' जैसे आयोजन बच्चों में नेतृत्व, सहयोग, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना उत्पन्न करते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सराहनीय योगदान से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## हमने ना तो इसे वोट दिये थे और ना ही हमने इसे वोट दिये थे

सियासत कितनी चालबाज है ये पता चुनावों से पहले नहीं बल्कि चुनावों के बाद चलता है। जनता के आगे हाथ जोड़ रहा नेता जनप्रतिनिधि बनते ही जनता को विधि बताने लगता है। उसका जीतने के बाद दिल बदल जाता है और फिर वो दल बदल लेता है। निगम चुनाव में तो एक हारने वाले बसपाई भी भाजपाई हो गये और चुनाव जीतने वाला बसपाई भी भाजपाई हो गया। कैडर वोटर से बात हुई तो उसने कहा कि अगर इसने हमसे बीजेपी के नाम पर वोट मांगे होते तो हम कतई नहीं देते। हमने तो इसे वोट इसलिए दिये थे कि ये बीएसपी के टिकट पर लड़ा था। अगर हमें पता होता कि ये फूल वाला हो जायेगा तो हम इसे गली में नहीं घुसने देते। बात ये है कि वो बसपाई हो या भाजपाई लेकिन हमने इसे ना वोट दिये और ना चुनाव लड़ने को नोट दिये। हमने तो अपनी पार्टी का निशान देखा और अपनी पार्टी का विधान देखा और अपनी पार्टी को वोट दिये।

## ये भी है सियासत में हद कि आते ही मिल जाता है बाहर वाले को पद

कहावत तो ये है कि घर का जोगी जोगड़ा और आन-गांव का सिद्ध। सरकार जोगी वाली है और बात नव फूलों को लेकर चली तो यहां सियासत का युग देख चुके नेता ने ही कहा कि सब जगह एक सी हवा चल रही है। उन्होंने कहा कि फूल वालों के यहां जिन्हें मौहल्ले में कोई नहीं पूछ रहा था उन्हें साईकिल वालों ने आते ही महानगर वाला पद दे दिया। फिर कहा कि ये बयार तो सब जगह बह रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज की एक हद होती है। ये भला क्या बात हुई कि जो बाहर से आया उसे आते ही पद दे दिया। जो वर्षों से पसीना बहा रहा है वो अभी भी सिम्पली देवतुल्य कहला रहा है।

## फैसला तो पंडित जी आपको करना है, फैसल तो हर दल में मिलेंगे आपको

साईकिल वालों के यहां घमासान तब मचा है जब साईकिल वाले भैया जी ने चुनावी रण के लिए सबको तैयार रहने के लिए कहा। जो ऊर्जा विपक्ष के लिए समाजवादियों को लगानी है वो ऊर्जा समाजवादी आपस में एक दूसरे को निपटाने पर लगा रहे हैं। घमासान मचा है और मोर्चा सपा के क्रान्तिवीर नेता से खुला। क्रान्तिवीर युवा तुर्क हैं लेकिन उनमें सबसे बड़ी कमी धैर्य का अभाव है। उनके तेवर ठीक हैं मगर ये तेवर सपा को तो फेवर करें। सवाल ये है कि किसी को निकाल देने से हल नहीं होता और सवाल ये भी है कि अगर इस मामले में कोई बड़ा चेहरा बड़ो की तरह हस्तक्षेप करता तो मामले का पटाक्षेप हो भी सकता था। यहां राकेश यादव या अभिषेक का हस्तक्षेप होता तो दोनों पक्षों में हाथ मिल जाते। पहले भी तो ऐसे मतभेद आपस में सुलझाये गये हैं। यहां बड़ी बात ये है कि फैसला तो साईकिल वाले युवा तुर्क पंडित जी को करना है। उन्हें ये मानकर चलना है कि किसी भी दल में चले जाओ वहां कोई ना कोई फैसल तो मिलेगा ही और कब तक संगठन से फासला रखकर सियासत की जायेगी। हर बार किसी फैसल के चक्कर में पद से ही पैदल हो जाना कोई राजनीतिक अक्लमंदी तो नहीं है। क्रान्ति अच्छी चीज है लेकिन अनुशासन और मर्यादा राजनीति में आपको अधिक शालीन बनाती है। अनुशासन और ऊर्जा के बीच एक बारीक सी लाईन होती है। हर बार वैचारिक मतभेद के साथ आप पार्टी के लिए उपयोगी फेस नहीं बन सकते हैं।




# जाम से सब परेशान, कब निकलेगा हल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जाम खत्म करने को लेकर तमाम प्रयास अधिकारियों की पोस्टिंग, पुलिसकर्मियों की ड्यूटी में इजाफा और जोन में विस्तार किया गया है, पर अभी इसका समाधान और हल होता नजर नहीं आ रहा है। अब आलम यह है कि शहर के जनप्रतिनिधियों के सुरक्षाकर्मी सुरक्षा से ज्यादा जाम खुलवाने के लिए सड़क पर नजर आ रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों सांसद के साथ ऐसा सीन हुआ। तो सोमवार को नासिरपुर फाटक पर विधायक के काफिले का भी यही हाल देखने को मिला है। इन दिनों त्यौहारी सीजन चल रहा है, शहर के प्रमुख बाजारों के आसपास और प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण बढ़ जाने से जाम की समस्या हो गई है। पार्किंग की परेशानी को लेकर पहले ही मामला हॉट टॉपिक बना हुआ है। इन सबके बावजूद शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम का हाल बेहाल नजर आ रहा है। उधर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर द्वारा गाजियाबाद में डीसीपी का पद सृजिद करवाया गया। मकसद है कि गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आए लेकिन त्यौहारी सीजन में अगर किसी काम के लिए



बाहर या बाजार जाना है, तो जो काम कुछ मिनटों का था, वह घंटे में निपट रहा है, कारण जाम है। उधर व्यापारियों को परेशानी ना हो और जनता को टेंशन ना पड़े, इसको लेकर बाजारों में ट्रैफिक पुलिस अधिक सख्ती नहीं कर रहे हैं, पर ट्रैफिक जाम वाला समाधान हो नहीं पा रहा है। सोमवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान भी भगवा दल के जनप्रतिनिधियों ने इस विषय पर शहर के एक आईएएस अधिकारी को फोन भी किया है। तो कुल मिलाकर आलम यह चल रहा है कि गाजियाबाद के जाम ने कई लोगों को परेशान कर रखा है। गाजियाबाद में लगातार हाईवे बन रहे हैं, सड़क के चौड़ीकरण हो रहे हैं। मेट्रो और आआरटीएस जैसी सुपरस्पीड ट्रेनों की सौगात मिल रही है, पर सड़क पर लगने वाले जाम का आलम यह है कि वह पहले जितना भयानक था, अब उससे ज्यादा भयानक होता जा रहा है। प्रमुख मार्गों पर बेतरतीब चलने वाले ऑटो और ई-रिक्शा सबसे बड़ी परेशानी और सिरदर्द बने हुए हैं। सीमित ट्रैफिक पुलिस के आगे लाखों की आबादी के ट्रैफिक को कंट्रोल करना किसी चुनौती से कम नजर नहीं आ रहा है। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में चर्चा हो रही है कि जाम से सब परेशान हैं, पर इसका हल कब निकलेगा।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने दीपावली पर्व पर व्यापारियों के हित में जिलाधिकारी के समक्ष रखा सुझाव





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ की अध्यक्षता में हिंदी भवन में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने व्यापारियों की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी के लिए आने वाले उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु फ्री पार्किंग व्यवस्था, बिजली आपूर्ति सुचारू रखने, तथा सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए।

प्रदीप चौधरी ने यह भी कहा कि दीपावली पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर इस पर्व को सफल और सुरक्षित बनाने में पूर्ण सहयोग करेगा। प्रदीप चौधरी ने कहा कि दीपावली पर स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम बाजार व्यवस्था बनाना प्रशासन और व्यापार मंडल की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासनों से व्यापारियों को निश्चित रूप से राहत मिलेगी।

**बैठक में उपस्थित:** प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय, व्यापारी नेता अतुल जैन, पंकज गर्ग, प्रीतम लाल, अनिल सांवरिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू – बीएलओ करेंगे घर-घर सत्यापन

**अपर जिलाधिकारी (प्र०) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पं०) गाजियाबाद का प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नागरिकों से अनुरोध**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुसार पंचायत निर्वाचन नामावली 2021 में कुछ मतदाताओं के नाम एक से अधिक ग्राम पंचायतों में दर्ज पाए गए हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए अब बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन कार्य किया जा रहा है। सत्यापन के बाद मतदाता का नाम केवल उसी ग्राम पंचायत में रखा जाएगा जहाँ वह वास्तव में निवास करता है, और अन्य जगहों से उसका नाम नियमों के अनुसार हटा दिया जाएगा।

सभी बीएलओ को पहले से ही अपने-अपने विकास खंड की डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है। यदि किसी मतदाता का नाम दो जगह दर्ज है और उसका नाम, पिता/पति/माता का नाम तथा लिंग समान हैं, तो ऐसे व्यक्ति का आधार कार्ड देखकर सही प्रविष्टि की पुष्टि की जाएगी। बीएलओ द्वारा सही पाए गए मतदाताओं के आधार कार्ड के अंतिम 4 अंक दर्ज करना अनिवार्य होगा, ताकि सूची से उनका नाम गलती से न हटाया जाए।

राज्य निर्वाचन आयोग ने सर्वसाधारण से अपील की है कि जिन नागरिकों का नाम डुप्लीकेट सूची में दर्ज है, वे अपने आधार कार्ड के अंतिम 4 अंक अपने बीएलओ को तुरंत उपलब्ध कराएँ, अन्यथा उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा।

# गाजियाबाद समेत चार शहरों में मीट कारोबारियों की फैक्टरी व घरों पर इनकम टैक्स की रेड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को कई जिलों में मीट कारोबारियों की फैक्ट्रियों और आवासों पर इनकम टैक्स के छापे पड़े। खबर लिखे जाने तक छापेमारी की कार्रवाई जारी है। सोमवार तड़के इनकम टैक्स और जीएसटी विभाग की टीमें संभल, बरेली, हापुड और गाजियाबाद पहुंची। करीब 70 से ज्यादा गाड़ियों में आए अधिकारियों ने अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा। संभल में आयकर टीम हाजी इमरान और हाजी इरफान के घर और फैक्ट्री पर पहुंची। इरफान इंडिया फ्रोजन फूड के मालिक हैं। दोनों भाइयों का एक हजार करोड़ के करीब का कारोबार है। कंपनी के 4 बड़े अफसरों के आवास पर भी टीम ने रेड डाली है।



बरेली में शकील कुरैशी की कंपनी मार्या फ्रोजन पर भी छापेमारी की कार्रवाई की गई। संभल में इंडिया फ्रोजन जिस बिल्डिंग में चलती है, उसके मालिक शकील कुरैशी हैं। हापुड़ में मीट कारोबारी हाजी यासीन के यहां भी रेड चल रही है। उनकी मीट फैक्ट्री गाजियाबाद में है। हापुड़ में ही कारोबारी असलम कुरैशी और वकील नितिन गर्ग के घर पर भी छापा पड़ा है। मीट कारोबारियों के यहां इस छापेमारी में अफसरों के साथ ही आयकर विभाग के करीब 200 कर्मचारियों की टीम लगी है। टीम के साथ पीएसी भी मौजूद है।




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लखनऊ में पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान क्षेत्र की समस्याओं और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से बातचीत हुई। महेंद्र चौधरी ने क्षेत्र की समस्याओं से भूपेंद्र चौधरी को अवगत कराया और उनके समाधान के लिए चर्चा की।




# चेक बाउंस के केस में लगती है धारा 138 : एडवोकेट हरेंद्र कसाना



सिविल कोर्ट गाजियाबाद में कार्यरत एडवोकेट हरेंद्र कसाना ने बताया कि चेक बाउंस होने पर पीड़ित चेक जारी करने वाले के खिलाफ नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत कानूनी कार्रवाई कर सकता है, जिसमें 2 साल तक की कैद, चेक राशि के दोगुना जुर्माना और कोर्ट फीस का भुगतान शामिल है। इसके लिए बाउंस होने के 30 दिन के भीतर एक कानूनी नोटिस भेजना होता है, और भुगतान न करने पर 15 दिनों के भीतर शिकायत दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा, बैंक भी अपने नियमों के तहत जुर्माना लगा सकता है।

**कानूनी प्रक्रिया**

**कानूनी नोटिस:** चेक बाउंस होने के बाद, प्राप्तकर्ता को चेक जारी करने वाले को एक कानूनी नोटिस भेजना होता है, जिसमें भुगतान करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाता है।

**शिकायत दर्ज करना:** अगर 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होता है, तो आप उस व्यक्ति या कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**अदालत की कार्रवाई:** शिकायत के बाद, अदालत में सुनवाई शुरू होती है, जिसमें दस्तावेजों का सत्यापन और गवाहों की जांच की जाती है।

**सजा:** यदि दोषी पाया जाता है, तो उसे 2 साल तक की जेल और चेक की राशि के दोगुना तक जुर्माना भरना पड़ सकता है, और इसके अलावा वकील और कोर्ट की फीस भी देनी पड़ सकती है।


॥ॐ शांति॥ **शोक संदेश** ॥ॐ शांति॥



गहन शोक एवं अत्यंत व्यथित हृदय से यह सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री लक्ष्मीकांत त्रिवेदी जी का दिनांक 02 अक्टूबर 2025(दिन गुरुवार) प्रातः गाज़ियाबाद में स्वर्गवास हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

आपसे सादर निवेदन है कि उनकी आत्मा की शांति हेतु आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

**॥ तेरहवीं विधि ॥**

दिनांक : 14 अक्टूबर 2025 (मंगलवार)
ब्रह्म भोज : दोपहर 12 बजे
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी: दोपहर 3.30 बजे
स्थान : बी 29-ए, सेक्टर-9, विजय नगर, गाज़ियाबाद
(निकट होली हार्ट पब्लिक स्कूल)

शोकाकुल परिवार:

मनोज त्रिवेदी (भाई)
राकेश त्रिवेदी (भाई)
कपिल त्रिवेदी (भतीजा)
एवं समस्त परिवार

जितेंद्र त्रिवेदी (पुत्र)
9811582003
नीलकमल त्रिवेदी (पुत्र)
9213185676


**पोस्ट ऑफ द डे**

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर आशु वर्मा ने सात समुंदर पार अपने सुपौत्र को उसके जन्मदिन पर अपना प्यार अपना आशीर्वाद भेजा। पूर्व मेयर आशु वर्मा ने अपने पोते के जन्मदिन पर यह भी बताया कि दादी आशीर्वाद देने के लिए अमेरिका में ही है और दादा का आशीर्वाद हमेशा अपने पोते के साथ है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मुरीदके में टीएलपी और पुलिस के बीच झड़प

## एसएचओ की मौत, तीन प्रदर्शनकारी भी मारे गए, सड़कें बंद

**- 48 पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें 17 को गोली लगी है। आठ आम नागरिक घायल हुए और एक राहगीर की मौत हो गई।**



**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच सोमवार तड़के मुरीदके में हिंसक झड़प हुई। पुलिस ने बताया कि सुबह 3 बजे शुरू हुई कार्रवाई करीब छह घंटे चली। इस दौरान एक स्टेशन हाउस ऑफिसर शहीद हो गया और चार टीएलपी सदस्यों की मौत हो गई। साथ ही इस झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल भी हो गए।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

टीएलपी ने शुक्रवार को लाहौर से 'गाजा और फलस्तीन के समर्थन' में रैली शुरू की थी। उनका इरादा इस्लामाबाद पहुंचकर अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शन करने का था। सरकार ने इस मार्च को रोकने के लिए रास्तों पर गड्ढे खुदवाकर और बैरिकेड लगाकर रास्ते बंद कर दिए थे। प्रदर्शनकारियों ने फिर मुरीदके में डेरा डाल दिया। रविवार देर रात पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स (पंजाब) ने इलाके को घेर लिया। सोमवार तड़के सुरक्षा बलों ने भीड़ को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान हिंसा भड़क गई।

पंजाब पुलिस के प्रवक्ता मुबाशिर हुसैन ने बताया, एसएचओ शहजाद नवाजकी शहीदी शेखुपुरा के फैक्ट्री एरिया थाने में गोलीबारी के दौरान हुई। इस दौरान तीन टीएलपी प्रदर्शनकारी भी मारे गए। इस दौरान 48 पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें 17 को गोली लगी है। आठ आम नागरिक घायल हुए और एक राहगीर की मौत हो गई।

पंजाब पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर, कीलों वाले डंडों और पेट्रोल बम से हमला किया। इसके बाद गोलियां चलीं। पुलिस ने सीमित कार्रवाई कर भीड़ को तितर-बितर किया। इस दौरान करीब 40 सरकारी और निजी वाहनों में आग लगा दी गई। कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया गया है। सोशल मीडिया पर झड़पों की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं जिनमें जली हुई गाड़ियां और धुआं उठता दिख रहा है। इस झड़प के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर कई अहम सड़कें और हाईवे दोबारा बंद कर दिए।

इस्लामाबाद में मोबाइल इंटरनेट चालू है, लेकिन रावलपिंडी के कुछ इलाकों में नेटवर्क धीमा है। कई स्कूलों ने सुरक्षा की स्थिति को देखते हुए छात्रों को समय से पहले छुट्टी दे दी। माता-पिता को संदेश भेजे गए कि बच्चे तुरंत ले जाए जाएं। इससे ट्रैफिक में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने दावा किया कि फिलहाल मुरीदके से प्रदर्शनकारियों को हटा दिया गया है, लेकिन शहरों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# दाने-दाने के मोहताज हैं गाजा के 20 लाख लोग

## सहायता सामग्री की आपूर्ति होगी तेज; भूखे लोगों तक पहुंचेगा खाना



**गाजा।** युद्ध में तबाह हो चुके गाजा के लोगों को अब भर पेट खाना मिलने की उम्मीद है। संघर्षविराम समझौते के तहत सहायता सामग्री की आपूर्ति तेज करने की तैयारियां जारी हैं। गाजा में मानवीय सहायता के लिए जिम्मेदार इस्राइली रक्षा इकाई सीओजीएटी ने कहा कि समझौते के अनुसार गाजा पट्टी में पहुंचने वाली सहायता की मात्रा बढ़कर लगभग 600 ट्रक प्रतिदिन हो जाने की उम्मीद है।

मिस्र ने कहा कि उसने रविवार को 400 ट्रक सहायता सामग्री गाजा भेजी है। इन ट्रकों की इस्राइली सेना जांच करेगी। इसके बाद ही इन्हें अंदर जाने की अनुमति मिलेगी। वीडियो फुटेज में दिखाई देता है कि दर्जनों ट्रक मिस्र की ओर से राफा सीमा पार कर रहे हैं। मिस्र के रेड क्रिसेंट ने कहा कि इन ट्रकों में दवाएं, टेंट, कंबल, खाना व ईंधन हैं। ये ट्रक निरीक्षण के लिए केरम शालोम क्रॉसिंग के क्षेत्र में भेजे जाएंगे, जहां इस्राइली सैनिक उनकी जांच करेंगे। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि लगभग 1.70 लाख मीट्रिक टन भोजन, दवाएं व अन्य मानवीय सहायता गाजा भेजे जाने के लिए तैयार है और इसके लिए इस्राइली अनुमति की प्रतीक्षा है।

### दाने-दाने के मोहताज हैं 20 लाख लोग

युद्ध के कारण गाजा के 20 लाख लोग दाने-दाने के मोहताज हो गए हैं। हाल के महीनों में, जितनी सहायता सामग्री जरूरत है उसमें से संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगी केवल 20 प्रतिशत जरूरी सहायता ही गाजा पहुंचा पाए हैं। इसकी वजहें लड़ाई, सीमा बंद होना व इस्राइली पाबंदियां हैं। इस्राइल के बढ़ते हमलों व मानवीय सहायता पर लगी पाबंदियों ने एक भूख संकट पैदा कर दिया है। गाजा के कुछ हिस्सों में अकाल की स्थिति बन गई है।

# संसद में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ ट्रंप का स्वागत स्पीकर बोले- नोबेल पुरस्कार के लिए करेंगे समर्थन



**गाजा।** गाजा में युद्धविराम के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में हैं। ट्रंप सोमवार को इस्राइली संसद पहुंचे, जहां सदस्यों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान स्पीकर अमीर ओहाना ने कहा कि उनका देश अगले साल ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दिलाने के लिए समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि इस्राइल दुनियाभर के स्पीकर और नेताओं को एकजुट करेगा, ताकि वे ट्रंप को अगले साल नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकें।

वहीं, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बंधकों की रिहाई को लेकर ट्रंप की सराहना की। नेतन्याहू ने नेसेट (इस्राइली संसद) में अपने भाषण में ट्रंप की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ट्रंप के प्रस्ताव ने हमास के साथ युद्ध खत्म कर दिया। नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप का प्रस्ताव युद्ध को समाप्त कर चुका है और हमारे सभी लक्ष्य पूरे हो गए हैं। मैं इस शांति के प्रति प्रतिबद्ध हूं।

नेतन्याहू ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में इस्राइल के सबसे बड़े मित्र रहे हैं। नेसेट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप, हम आपका यहां स्वागत करते हैं ताकि हम आपको उस महत्वपूर्ण नेतृत्व के लिए धन्यवाद दे सकें, जो आपने उस प्रस्ताव को लेकर दिखाया, जिसे पूरी दुनिया का समर्थन मिला। यह वह प्रस्ताव है जो हमारे सभी बंधकों को घर वापस ला रहा है। यह वह प्रस्ताव है जो हमारे सभी उद्देश्यों को पूरा करते हुए युद्ध को समाप्त कर रहा है।

### ट्रंप को इस्राइली सर्वोच्च सम्मान के लिए किया नामांकित

नेतन्याहू ने कहा, मैंने अब तक कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों को देखा है, लेकिन मैंने कभी किसी को इतनी तेजी और निर्णायक तरीके से दुनिया को बदलते नहीं देखा, जैसा कि हमारे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने किया है। नेतन्याहू ने ट्रंप को इस्राइल के सर्वोच्च सम्मान 'इस्राइल प्राइज' के लिए नामांकित किया है।

### मिस्र में आयोजित शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे नेतन्याहू

इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने पुष्टि की कि नेतन्याहू आज मिस्र में होने वाले सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। उनके कार्यालय ने एक्स पर एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री नेतन्याहू को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आज मिस्र में हो रहे सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। बयान में आगे कहा गया, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया, लेकिन कहा कि वह त्योहार के शुरू के नजदीक होने की वजह से सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे।

# 'रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक भारत', यूक्रेनी थिंक टैंक का दावा




**- रूस ने भारत से करीब 2,456 टन फ्यूल एडिटिव्स आयात किया है, जो उसके कुल आयात का करीब 49 प्रतिशत है।**

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है।

### लड़ाकू विमानों के इंजन के प्रदर्शन को बेहतर बनाते हैं फ्यूल एडिटिव्स

यूक्रेनी थिंक टैंक 'इकॉनोमिक सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ यूक्रेन' ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स (ईंधन योजक) का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। साल 2024 में रूस के कुल आयातित फ्यूल एडिटिव्स में से करीब आधा भारतीय कंपनियों द्वारा निर्यात किया गया।

> **अमेरिका समेत कई देशों को फ्यूल एडिटिव्स का निर्यात करता है भारत**
>
> फ्यूल एडिटिव्स का इस्तेमाल वाणिज्यिक और लड़ाकू विमानों, दोनों के प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। भारत द्वारा अमेरिका और कई अन्य देशों को भी इन फ्यूल एडिटिव्स का निर्यात किया जाता है, लेकिन यूक्रेनी थिंक टैंक का मानना है कि रूस द्वारा इन फ्यूट एडिटिव्स का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। यूक्रेनी थिंक टैंक के हवाले से द इंडीपेंडेंट ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने भारत से करीब 2,456 टन फ्यूल एडिटिव्स आयात किया है, जो उसके कुल आयात का करीब 49 प्रतिशत है। इस रिपोर्ट में उन भारतीय कंपनियों का भी जिक्र किया गया है, जो रूस को फ्यूल एडिटिव्स का निर्यात करती हैं।

फ्यूल एडिटिव्स एक तरल रसायनिक तत्व होता है, जो वाणिज्यिक और सैन्य विमानों के इंजन के प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए ईंधन के साथ मिलाया जाता है।

यूक्रेनी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा है कि रूस के एसयू-34 और एसयू-35एस लड़ाकू विमानों में फ्यूल एडिटिव्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन्हीं विमानों से रूस ने यूक्रेन पर क्रूज सुपरसोनिक और गाइडेड मिसाइलों से हमले किए। इन्हीं लड़ाकू विमानों से रूस, यूक्रेन के पश्चिम में दूर-दराज के इलाकों में हमले कर रहा है।

# 'यह आंसुओं और खुशी की शाम' नेतन्याहू का भावनात्मक संदेश

## बंधकों की रिहाई को लेकर तैयार है इस्राइल



**इस्राइल।** इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच बंधकों की रिहाई की तैयारियों के बीच इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार शाम एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा यह आंसुओं और खुशी की शाम है, क्योंकि कल हमारे बच्चे अपनी सीमा पर लौटेंगे। बता दें कि सोमवार को शांति योजना के तहत हमास 20 बंधकों को रिहा करेगा।

नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा कि इस्राइल के नागरिकों, मेरे भाइयों और बहनों, यह एक भावनात्मक शाम है- आंसुओं की भी और खुशी की भी। क्योंकि कल बच्चे अपनी सीमा पर लौटेंगे।

### बंधकों की रिहाई को लेकर इस्राइल तैयार

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बताया कि इस्राइल सभी बंधकों को तुरंत वापस लेने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि नेतन्याहू ने बंधक और लापता लोगों के समन्वयक ब्रिगेडियर जनरल (रि.) गैल हिर्श से इस संबंध में बातचीत की। पोस्ट में लिखा गया प्रधानमंत्री नेतन्याहू: इस्राइल पूरी तरह तैयार है- हम अपने सभी बंधकों को तुरंत वापस लेने के लिए तत्पर हैं।

### ट्रंप की यात्रा को लेकर उत्साह

राष्ट्रपति हर्जॉग ने कहा कि इस्राइल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोमवार को होने वाले दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा हम उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं और इस ऐतिहासिक प्रयास में उनकी भूमिका के लिए उन्हें दिल से धन्यवाद देते हैं। इस्राइल चाहता है कि अमेरिका इस समझौते के अगले चरणों में भी भूमिका निभाए, ताकि गाजा और पूरे मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित हो सके।

> **अमेरिका की मध्यस्थता में ऐतिहासिक समझौता**
>
> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कराए गए युद्धविराम समझौते के तहत इस्राइल लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा और गाजा को पूर्ण मानवीय सहायता की अनुमति देगा। गाजा इस समय गंभीर खाद्य संकट और भुखमरी का सामना कर रहा है।
> इस्राइल के राष्ट्रपति आईजैक हर्जॉग ने तेल अवीव में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है, जो मध्य पूर्व में नई उम्मीदों की दिशा दिखा सकता है। उन्होंने कहा यह समझौता आसान नहीं है, इसमें कई दर्दनाक पहलू हैं, लेकिन यह एक ऐसा पल है जो असली बदलाव की उम्मीद जगाता है।

### 2000 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा इस्राइल

इस्राइल ने घोषणा की है कि बंधकों की रिहाई के बाद वह लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को भी छोड़ने के लिए तैयार है। इनमें 250 लोग आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं, जबकि लगभग 1,700 लोग गाजा से बिना आरोप के हिरासत में लिए गए हैं।

इस्राइल के बंधक एवं लापता व्यक्तियों के समन्वयक गैल हिर्श ने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय टास्क फोर्स 72 घंटों के भीतर उन बंधकों की खोज शुरू करेगी जिनके शव अब तक नहीं मिले हैं। कई बंधकों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

# ट्रंप के फैसले के खिलाफ निर्वस्त्र होकर लोगों ने निकाली बाइक रैली, सैनिकों की तैनाती का कर रहे विरोध



**पोर्टलैंड।** डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के खिलाफ ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वस्त्र होकर बाइक रैली निकाली। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड्स की तैनाती के विरोध में ये बाइक रैली निकाली गई। अमेरिका के कई शहरों में संघीय बल नेशनल गार्ड्स की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

पोर्टलैंड में हर साल विश्व नग्न बाइक राइड का आयोजन किया जाता है, लेकिन ट्रंप प्रशासन द्वारा पोर्टलैंड में अप्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और नेशनल गार्ड्स की तैनाती के फैसले की खिलाफ इस बार समय से पहले ही इस अनोखी बाइक रैली का आयोजन किया गया। पोर्टलैंड में बीते कई दिनों से अप्रवासियों के खिलाफ आव्रजन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है। आव्रजन केंद्र के बाहर कई बार प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मियों की भिड़ंत हो चुकी है।

रैली में शामिल हुए एक प्रदर्शनकारी जेनेन किंग ने निर्वस्त्र बाइक राइड को विरोध करने का पोर्टलैंड का विशिष्ट तरीका बताया। 51 वर्षीय महिला ऊनी मोजो, जो एक विग और एक टोपी के अलावा पूरी तरह निर्वस्त्र थी, उसने गर्म चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि उसे लगातार हो रही बारिश से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि 'हम बिल्कुल नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं। साल 2004 से, ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल नग्न निकाली जाती है। इस बाइक राइड में भीड़ स्पीकर पर संगीत बजाते हुए साइकिल चलाती है। पोर्टलैंड वर्ल्ड नेकेड बाइक राइड के अनुसार, कुछ वर्षों में लगभग 10,000 लोग इसमें शामिल हुए हैं।

### अपीलीय अदालत के फैसले का इंतजार

बाइक सवार सड़कों से होते हुए शहर के आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन तक पहुंच गए। पोर्टलैंड के लोगों को शहर की एक अपीलीय अदालत के फैसले का इंतजार है, जो जल्द ही यह फैसला करेगी कि क्या ट्रम्प संघीय सैनिकों को भेज सकते हैं? बीती 5 अक्टूबर को एक संघीय न्यायाधीश ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया था।

# दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी

## तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया



**फिलीपींस।** चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी। इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई।

फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे।

तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया।

फिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा, फिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।

### चीन बोला- फिलीपींस ने की हमारे जलक्षेत्र में घुसपैठ

उधर, बीजिंग में चीनी तटरक्षक बल के प्रवक्ता लियू देजुन ने बयान जारी कर कहा कि फिलीपींस के जहाजों ने बिना अनुमति चीन के टियेशियान रीफ (जिसे चीन सैंडी के कहता है) के पास उसके जलक्षेत्र में घुसपैठ की। उन्होंने कहा, फिलीपींस के जहाज ने चीनी जहाज के बहुत नजदीक आने की कोशिश की, जिससे मामूली टक्कर हुई। लियू ने पूरे मामले की जिम्मेदारी फिलीपींस पर डालते हुए कहा कि इस तरह की हरकतें क्षेत्र की शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचाती हैं।

इस घटना पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिका ने चीन की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए फिलीपींस का समर्थन किया है। मनीला स्थित अमेरिकी राजदूत मैरी के कार्लसन ने कहा कि फिलीपीनी दल ने कठिन परिस्थितियों में भी अद्भुत साहस और दक्षता दिखाई। उन्होंने चीन की आक्रामकता को खतरनाक और अस्वीकार्य बताया।

दक्षिण चीन सागर पर चीन लगभग पूरे क्षेत्र पर अपना दावा करता है, जबकि 2016 में अंतरराष्ट्रीय पंचाट ने उसके ऐतिहासिक दावों को अवैध ठहराया था। इसके बावजूद चीन ने उस फैसले को मानने से इनकार कर दिया। दूसरी तरफ अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ और कनाडा जैसे देशों ने फिलीपींस के दावे और उसके अधिकारों का समर्थन किया है।

थीटू द्वीप, जिसे फिलीपींस में पग-आसा कहा जाता है, स्पार्टली द्वीप समूह में फिलीपींस के नियंत्रण वाले नौ द्वीपों में सबसे बड़ा है। इस द्वीप पर एक सैन्य चौकी और मछुआरों की बस्ती है। यह चीन के कृत्रिम द्वीप सुबी रीफ से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां चीन ने रनवे और मिसाइल तैनाती की हुई है।

# दक्षिण अफ्रीका के पहाड़ी क्षेत्र में नियंत्रण खोकर खाई में गिर गई बस, 42 लोगों की मौत

**दक्षिण अफ्रीका।** दक्षिण अफ्रीका के उत्तर में स्थित पहाड़ी क्षेत्र में सोमवार को एक भीषण बस हादसे में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना रविवार को एन-1 राजमार्ग पर लुईस ट्रिचार्ड्ट कस्बे के पास हुई, जो कि प्रिटोरिया से लगभग 400 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। सड़क परिवहन प्रबंधन निगम के प्रवक्ता साइमन ज्वाने ने बताया कि अब तक 42 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, हालांकि मृतकों और घायलों की सटीक संख्या की जांच अभी जारी है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी।

# सरकारी जमीनों पर सख्त रुख

## विभू बंसल और विधायक धर्मेश तोमर एकजुट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पालिकाध्यक्ष विभू बंसल ने बैठक में स्पष्ट कहा कि कोई भी व्यक्ति कितना भी ताकतवर और बाहुबली क्यों न हो, पालिका की एक-एक इंच सरकारी जमीन सरकार के कब्जे में ली जाएगी।

उन्होंने कहा कि समस्त बोर्ड सदस्य और पदेन सदस्य उनका परिवार हैं और सभी का एक ही लक्ष्य है –पिलखुवा को स्वच्छ, सुदृढ़ और विकसित नगर के रूप में स्थापित करना। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने भी अध्यक्ष के इस संकल्प का समर्थन करते हुए कहा कि नगर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### उद्योगों को राहत – धर्मेश तोमर व विभू बंसल ने किया समर्थन

**करंट क्राइम।** पूर्व में पावरलूम एवं विद्युत शक्ति से चलने वाले उद्योगों पर 6 रुपये प्रति हॉर्सपावर वार्षिक शुल्क निर्धारित था, जिसे 100 रुपए कर दिया गया था। इसे अव्यवहारिक मानते हुए, पालिकाध्यक्ष विभू बंसल ने शुल्क को घटाकर 30 रुपए प्रति हॉर्सपावर प्रति वर्ष करने का प्रस्ताव रखा, जिसे बोर्ड ने सर्वसम्मति से पारित किया। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि यह निर्णय छोटे और मध्यम उद्योगों को राहत देने वाला कदम है और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा देगा।

### विकास कार्यों की झड़ी – धर्मेश तोमर की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव

**करंट क्राइम।** बैठक में नगर विकास से जुड़ी कई योजनाओं को हरी झंडी दी गई – (1) सभी सरकारी संपत्तियों पर रेडीमेड दीवार निर्माण। (2) दहपा रोड गौशाला को स्थानांतरित कर वहाँ दुकान निर्माण कार्य। (3)संतोंखड़ी क्षेत्र में अमृत सरोवर एवं दुकान निर्माण। (4) वाहन डिपो हेतु भूमि चयन एवं निर्माण कार्य। (5) गांधी रोड कांजी हाउस परिसर में गौ आश्रय स्थल और पुस्तकालय स्थापना। (6) सीवरेज एवं फिकल स्लज निस्तारण हेतु उपविधियों का निर्माण। (7) खेड़ा मार्ग पर सड़क किनारे शेष भूमि पर दुकान निर्माण कार्य। (8) गौ आश्रय स्थल हेतु सड़क निर्माण कार्य। (9) शासनादेशानुसार कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज लागू करने पर विचार। (10) नगर के पार्कों व मार्गों के नामकरण हेतु उपविधि निर्माण।

### 'विकसित पिलखुवा' की दिशा में ठोस कदम – विभू बंसल और धर्मेश तोमर का साझा संकल्प

**करंट क्राइम।** पालिकाध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि आज बोर्ड ने ऐसे जनहितकारी प्रस्ताव पारित किए हैं जिनसे नगर की आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में पिलखुवा को एक मॉडल नगर के रूप में विकसित किया जाए। वहीं विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि पालिका बोर्ड के सभी सदस्य जनहित में एकजुट हैं और सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

# जानलेवा पनीर! दीपावली से पहले

## मिलावटखोरों पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

### गाजियाबाद में 350 किलो मिलावटी पनीर और मिठाई नष्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली से पहले गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ जबरदस्त अभियान चलाते हुए जानलेवा खाद्य सामग्री पर शिकंजा कस दिया है। कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने अस्वास्थ्यकर एवं दूषित पनीर और मिठाइयों की बड़ी खेप जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दी।



पहली कार्रवाई में मथुरा निवासी रामनिवास पुत्र रणवीर सिंह को महिंद्रा पिकअप संख्या उछ्1छअल8293 से विक्रय हेतु 240 किलो पनीर (मूल्य 69,120 रुपए) ले जाते हुए सब्जी मंडी, गाजियाबाद के पास पकड़ा गया। निरीक्षण में पनीर को अत्यंत अस्वास्थ्यकर और अनुचित रूप से रखा गया पाया गया, जिसे तुरंत विनष्ट कर दिया गया। साइट पर तीन नमूने एकत्र किए गए, जबकि विनष्टीकरण हिंडन श्मशान घाट रोड के निकट किया गया।

इसी दौरान, कड़कड़ मॉडल स्थित अग्रवाल स्वीट्स के कारखाने में छापेमारी के दौरान खोये से बनी 110 किलो मिठाई (मूल्य 44,000 रुपए) को दूषित अवस्था में पाया गया। विभाग ने मौके पर ही दो नमूने संकलित कर संपूर्ण मिठाई नष्ट कर दी। अब तक दीपावली अभियान के तहत कुल 89 खाद्य नमूने संकलित कर खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

### विभाग ने दी सख्त चेतावनी, कहा - किसी को नहीं बख्शा जाएगा

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, दोषी व्यक्तियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा – त्योहारी सीजन में मिलावट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जो भी जनता की सेहत से खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित है। इस कार्रवाई ने मिलावटखोरों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है और यह स्पष्ट चेतावनी है कि 'जानलेवा पनीर' या दूषित मिठाई बेचने वालों के लिए अब कोई राहत नहीं!




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाईन पार वाले विधायक जी के नदिया पार वाले खास सिंह ने खरीद लिया है रामप्रस्थ में आशियाना? सुना है सिंह साहब चाहते हैं अब उस मौहल्ले से आकर इस मौहल्ले में पार्षदी का चुनाव लड़ना? सुना है उन्हें इस बात की है पूरी उम्मीद? विधायक जी की कृपा रही तो वो बन जायेंगे 97 वाले वार्ड से भगवा उम्मीदवार? कहने वाले ने कहा कि अभी चुनाव दूर है और देखते हैं कैसे होगी ये नदिया पार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले महावत अभी भी देख रहे हैं राजनीति के बाजार में टिकट का खरीददार? लखनऊ वाली रैली के बाद उन्हें लग रहा है कि बाजार रहेगा गुलजार? कहने वाले ने कहा कि महावत ने कर दिया है बिल्कुल स्पष्ट? बिना सदस्यता वाली बात के हमसे ना करें मिलने का कष्ट? क्या इस बार भी एक साल पहले होगी घोषणा और तीन बार बदलेगा हाथी अपने चुनावी महावत? क्या इस बार बदलेगी कुछ कहावत?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के दो केसरिया पार्षद हो गये अपने ही दल के पार्षद से वादा खिलाफी को लेकर नाराज? सुना है मामला कनैक्ट हुआ है डिप्टी मेयर वाले चुनाव की दावेदारी के साथ? कहने वाले ने कहा कि जब उनकी नहीं बन पाई थी निगम कार्यकारिणी में बात? तब ठाकुर साहब ने पूरे गौरव के साथ रखा था भाटी जी के कंधे पर हाथ? कहा था कि मैं जब हूं तुम्हारे साथ तो करो तुम प्रयास? सुना है फिर ठाकुर साहब के खुद ही जाग गये जज्बात? और यही बात दोनों भाटी ब्रदर को लगी एकदम आघात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब एक दल में चल रहा है स्वदेशी वाला अभियान? तब दल के किस सहपरभारी ने दिया स्विटरजैंड वाली घड़ी का संदेश? सुना है सहप्रभारी की कलाई पर बंधी थी ढाई पेटी वाली घड़ी? जब दल दे रहा था स्वदेशी वाला नारा? तब सहपरभारी ने स्विटरजैंड वाली घड़ी के साथ फेसबुक पर फोटो डाला? स्विटरजैंड वाली घड़ी में है इस बात का भी ट्विस्ट कि नेता जी को उनके पापा ने दिया है ये ढाई पेटी का गिफ्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से उपाध्यक्ष वाली बिछी है निगम में बिसात? तब से सौलंकी जी से दूरी बना ली है दो भाटी पार्षदों ने? सुना है वो इस बात को लेकर है नाराज? जब तुमने हमसे की थी बात, तो तुम्हें देना था हमारा साथ? अब अगर तुम्हारी है कोई मजबूरी, तो हमसे अब रखना दूरी? सुना है जहां भी ठाकुर साहब जाते हैं? वहां से नदिया पार वाले भाटी एक दूरी बना लेते हैं?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम वाले पार्षद जब सोमवार को बैठे एक साथ? तो वहां भी सुलगती हुई दिखाई दी नदिया पार वाले पार्षदों के बीच नाराजगी की ये आग? देखने वालों ने देखा कि जानकी भवन वाली बैठक में भी नदिया पार के ये तीनों पार्षद नहीं बैठे एक साथ? जैसे ही एक दूसरे के साथ हुआ तीनों का आई कान्टैक्ट? वैसे ही दो पार्षदों ने अपना स्थान किया चेंज? और बना ली दूरी वाली रेंज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार का कौन सा भगवा फेस लेकर पहुंचा प्रदेश की राजधानी में लाल–लाल सेब? कहने वाले ने कहा कि एप्पल वाली पोलिटिक्स का देखा है हमने ये पहली बार मुलाहिजा? अब तक सुनी थी आमों की पेटी? मगर अब तो देख ली सेब वाली टोकरी? कहने वाले ने कहा कि नदिया पार के केसरिया चौधरी ने लखनऊ में कहीं तो गिफ्ट किये हैं टोकरी में भरकर एप्पल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उस समय हो गये एक खबर नवीस भी सुनकर एक भगवा पदाधिकारी के मुख से ये बात? जब उन्होंने खबर नवीस से कहा कि मुझे आप उपलब्ध करा दो कुछ पुलिस अधिकारियों के मोबाईल नंबर और नाम? देवतुल्यों के बीच पहुंची जब ये बात तो खुली उनकी भी जुबान? आखिर हमारे पदाधिकारी जी क्यों मांग रहे हैं इन पुलिस अधिकारियों के नंबर और नाम? क्या अब तक उन्हें नहीं पड़ा कभी किसी भी पुलिस अधिकारी से कोई काम? आखिर वो क्यों हैं नाम और नंबर वाले सिस्टम से अंजान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नेहरू जी वाले मैदान को लेकर अभी और बढ़ेगा ये घमासान? सीन में होनी है अभी टैक्स वाले वकील साहब की भी एन्ट्री? अभी खुलेंगे इसमें कई राज? पता चलेगा कब तिवारी हो गये यहां के अजय राज? कहने वाले ने कहा कि मामला खुलेगा कई रोचक तथ्यों के साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष को लेकर क्यों ली दो भगवा पार्षदों ने राहत की सांस? किसने कहा कि उसके आंदोलनकारी अंदाज ने निकाल दी हमारे रास्ते की फांस? कहने वाले ने कहा कि अभी कुछ भी फाईनल मत समझो और सबकुछ टिका है लक बाई चांस? फिलहाल दो पार्षदों ने तो खुद ही कर दिया है सरेंडर? उन्हें पता है कि हम कितने जोर लगा लें? मगर हमारा नाम कटेगा निगम के उस कमरे के अंदर?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय केशव कुमार चौधरी ने लोनी सर्किल का किया निरीक्षण

## एसीपी व थाना प्रभारियों को दिए क्राइम कंट्रोल के निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को एडिशनल सीपी मुख्यालय-अपराध केशव कुमार चौधरी ने लोनी सर्किल के थाना ट्रोनिका सिटी एवं थाना लोनी में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु ओआर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने थानों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम, प्रभारी निरीक्षक लोनी एवं ट्रोनिका सिटी और संबंधित विवेचक उपस्थित रहे। एडिशनल सीपी ने सभी विवेचकों को महिला संबंधित अपराधों में त्वरित कार्रवाई एवं 6 माह से अधिक लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने थानों की सफाई व्यवस्था, केस डायरी, पंजीकृत अभिलेखों, हेल्प डेस्क और सीसीटीएनएस कक्ष की भी जांच की। महिला उत्पीड़न रजिस्टर, पत्रावली व शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नियमित रूप से फीडबैक देने के निर्देश दिए।



आई पीए केशनइ चौधरी ने कहा कि गंभीर अपराधों जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ-तस्करी, वाहन चोरी आदि में गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा धारा 14(1) के अंतर्गत अपराधियों की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई भी तेजी से की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गुंडा एक्ट, हिस्ट्रीशीट खोलने, सक्रिय गैंग पंजीकरण एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी को प्राथमिकता दी जाए। थाना प्रभारी को यह भी कहा गया कि जन-शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें और पीड़ितों से फीडबैक लेकर कार्य की गुणवत्ता बनाए रखें। निरीक्षण के अंत में एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने कहा कि अपराध नियंत्रण और जनविश्वास पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और सभी अधिकारी क्षेत्र में पूर्ण सतर्कता बनाए रखें।

श्रद्धांजलि सभा
श्री सुनील खन्ना



7th September 1960-11th October 2025

रस्म क्रिया:-
14th October, 2025, Tuesday
लंगर प्रसाद- 1:00-2:30 pm
प्रार्थना सभा- 3:00-4:00 pm
Grand KBC Banquet,
सूर्य नगर ग़ाज़ियाबाद उ० प्र० 201011
अनमोल खन्ना 9911996677
श्रुति खन्ना सूरी 9899308204
अंकुर सूरी, आशीष बत्रा, पुनीत बत्रा
एवं समस्त खन्ना और बत्रा परिवार

# तीन महीने चलेगा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

## हर घर स्वदेशी अपनाओ का दिया जाएगा संदेश

### सांसद अतुल गर्ग बोले महात्मा गांधी को कांग्रेस ने बुलाया भाजपा याद कर रही है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक अभियान चला रही है। इसके तहत अगले तीन महीने तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश के मंत्रियों से लेकर केंद्र सरकार के प्रमुख फेस अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेहरू नगर स्थित कार्यालय में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, आयाम के संयोजक सुशील गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जानकारी दी गई है कि यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। जिसके तहत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका मुख्य मकसद भारतीय जनता पार्टी द्वारा घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी इस्तेमाल करने का संकल्प दिलाना रहेगा। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वदेशी अभियान की शुरूआत की थी, जिसे कांग्रेस ने भुला दिया था लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी इसे याद दिलाकर सफल बनाने का काम करेगी। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प अभियान भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही भारत को विश्व के अग्रणी देश में ले जाकर खड़ा करना है।



### 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा है कि भारत संकल्प अभियान का मकसद भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी चाहते हैं कि जिस तरीके से शहर, प्रदेश आगे बढ़ेगा, तो वहीं देश भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह दीपावली और अन्य त्योहारों में स्वदेशी अपनाएं। अपने जानने वाले लोगों को भी स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करें ताकि लोकल फॉर वोकल का सपना साकार हो और भारतीय बाजार मजबूत हों। इस दौरान मयंक गोयल ने कहा है कि आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के तहत हर बूथ, ब्लॉक और विधानसभा वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

### प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करेगा भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा है कि जिस तरीके से हम सब की कल्पना है कि 2047 तक भारत आत्मनिर्भर भारत के रूप में सफल हो, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश है। प्रधानमंत्री के संदेश को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम को तभी सफल बनाया जा सकता है, जब हम स्वदेशी अपनाएंगे, लोकल फॉर वोकल पर भरोसा जताएंगे और आज जिस तरीके से देश में तमाम तरीके के उपकरण और कंपनियां स्वदेशी को बढ़ावा दे रही हैं, इससे ही यह अभियान सफल होगा।

---------------

### आमजन की भी भागीदारी करेगी भाजपा

**करंट क्राइम :** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता और अलग-अलग इलाकों में भी जाकर इसे सफल बनाने के लिए अभियान चलाएगी। साथ ही लोगों से भी सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़ने का विस्तृत अभियान चलाया जाएगा।

### सांसद अतुल गर्ग बोले सिकंदराबाद में जल्द बनेंगे निजी कंपनी में गोले और तोप

**करंट क्राइम :** सांसद अतुल गर्ग ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, वह दिन दूर नहीं है, जब भारत विश्व की तीन अग्रणी अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश के सिकंदराबाद में एक निजी कंपनी में गोला और तोप बनाने का काम शुरू होगा। लोकल अभियान को सफल बनाने की ओर एक कदम है, तो वहीं जब देश का माल देश में बनेग,I तो उसकी कास्टिंग कम होगी और भारत आत्मनिर्भर बनने की गति में बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने अंग्रेजी समय का हवाला देते हुए कहा कि पहले कपास भारत से इंग्लैंड जाता था, फिर वहां से कपड़े बनकर आते थे और वह महंगे होते थे, इसीलिए गांधी जी ने चरखा चलाकर भारत में ही कपड़े बनाने का संदेश दिया था और फिर विदेश जाकर इस पूरे विश्व में अपनाने के लिए जोर दिया गया था ।

# इंदिरापुरम में फ्लैट देखने आए युवक की 31वीं मंजिल से गिरकर संदिग्ध मौत, पुलिस जुटी जांच में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम की एक इमारत की 31वीं मंजिल से संदिग्ध रूप से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। युवक के गिरने के बाद सोसाइटी में अफरातफरी मच गई। सिक्यूरिटी गार्ड की मदद से लोगों ने युवक को अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान वैशाली निवासी सत्यम त्रिपाठी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक अपने दोस्त के साथ फ्लैट देखने आया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार शाम की है।

रविवार को सत्यम एक ब्रोकर के साथ फ्लैट देखने आया था। वह 31वीं मंजिल पर गए और संदिग्ध परिस्थितियों में गिर गए। सिर में चोट आने से उनकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# डीएम ने दिया आश्वासन, छठ में सभी व्यवस्थाएं होंगी मुकम्मल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छठ पर्व की तैयारियों को लेकर पुरबिया जनकल्याण परिषद के सदस्यों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव राकेश तिवारी ने कहा कि गाजियाबाद में लाखों की संख्या में पूर्वांचल और बिहार के लोग आस्था का पर्व छठ मनाते हैं।

श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई सुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए सदस्य सभी अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी सिलसिले में जिलाधिकारी से मुलाकात कर तैयारी को लेकर चर्चा की गई।जिलाधिकारी पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्यों के साथ छठ पर्व की तैयारी को लेकर 21 बिंदुओं पर चर्चा की।

उन्होंने अधिकारियों को 22 अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 23 अक्टूबर की शाम तक हरिद्वार से छोड़ गया पानी हिंडन नदी व नहर तक पहुंच जाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए हैं। हिंडन नदी में जलकुंभी और गंदगी की सफाई युद्ध स्तर पर होगी। छठ पर्व के दौरान कहीं कोई गंदगी नहीं रहनी चाहिए।

इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए उन्होंने कहा कि गंग नहर छोटा हरिद्वार साथ ही खोडा के छठ घाट में अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के क्षेत्र के तहत आने वाले छठ घाटों पर सभी तैयारियां के लिए जीडीए को निर्देश दिए गए। 25 अक्टूबर से छठ पूजा का आगाज हो जाएगा 27 और 28 को छठ पर्व मनाया जाएगा इस मौके पर रीता सिंह, राकेश तिवारी, जय दीक्षित, मनोज कुमार, तिलकराम पांडे, कंचन तिवारी, राजा राम मौर्या, विनोद अकेला, अमन शर्मा, वरुण शर्मा, सुजीत तिवारी, सुजीत गिरी, अनिल सिंह, नरसिंह तिवारी, दीनानाथ यादव, राम प्यारे यादव, रानीता सिंह साधना पांडे, राजू भाई, राजदेव यादव, शैलेंद्र यादव, शिल्पी सिंह वीरेंद्र मिश्रा, गुड्डू पांडे आदि उपस्थित थे।